● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 104, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार, 21 मई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

हिमांचल में सुक्खू सरकार की बड़ी सौगात 5

दिल्ली मुंबई के बीच बड़ा मुकाबला आज 6

मप्र में शहरों के विकास के लिए प्राधिकरण बनाने को मंजूरी

मंत्रि-परिषद की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में इंदौर के राजवाड़ा में हुई संपन्न

भोपाल। इंदौर के राजवाड़ा में पहली बार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई, जिसमें मध्य प्रदेश के शहरी विकास को नई दिशा देने के लिए मध्य प्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम 2025 के प्रारूप को मंजूरी दी गई। अधिनियम-2025 लागू होने के बाद महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया जा सकेगा। साथ ही प्रदेश में इंदौर-उज्जैन-देवास-धार एवं भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) के लिए महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन राज्य सरकार द्वारा किया जा सकेगा। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर में मेट्रोपोलिटन विकास प्राधिकरण बनाए जाने का निर्णय

लिया गया है। इस प्राधिकरण का उद्देश्य शहरों का सुव्यवस्थित विकास करना होगा और यह नगर निगम या अन्य प्राधिकरणों के कार्यों को प्रभावित नहीं करेगा। मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के चेयरमैन होंगे। प्राधिकरण 25 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाएगा। इसके तहत तीन स्तरों की समितियां बनाई जाएंगी, जिनमें दो स्तरों में मुख्यमंत्री शामिल होंगे और तीसरे स्तर में स्थानीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि होंगे।

बता दें सरकार ने 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों के समग्र क्षेत्रीय विकास के उद्देश्य से महानगर योजना समिति और महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण गठित करने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था के तहत महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण संबंधित क्षेत्र की विकास योजना का प्रारूप तैयार करेगा और उसे अनुमोदन के लिए महानगर योजना समिति के माध्यम से राज्य सरकार को भेजेगा। राज्य सरकार द्वारा योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद उसका क्रियान्वयन महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। इस विकास योजना में क्षेत्र की भौगोलिक और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप शैक्षणिक, औद्योगिक और स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ें और आर्थिक प्रगति सुनिश्चित की जा सके।

सड़क हादसों में घायलों की मदद के लिए कैबिनेट ने राहवीर योजना की घोषणा की। यदि कोई व्यक्ति दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाता है तो उसे 25,000 रुपए तक की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। उसे पुलिस द्वारा परेशान नहीं किया जाएगा। योजना के लिए संबंधित व्यक्ति को दुर्घटना वाली जगह से 108 नंबर पर कॉल करना भी अनिवार्य होगा। इस योजना से दुर्घटना में घायलों की समय पर इलाज मिलने से जान बच सकेगी।

मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता मिशन को फिर से प्रारंभ किया जाएगा। मुख्यममंत्री शहरी स्वच्छता मिशन योजना 2025-26 से 2028-29 तक लागू होगी। इसके लिए 277 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है ताकि नगर निगमों के पास आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो। इसमें राज्य सरकार 167.74 करोड़ और निकाय का अंशदान 59.31 करोड़ होगा। इस राशि से सफाई व्यवस्था के लिए डी-स्लजिंग वाहन, सीवर लाइन सफाई उपकरण, ठोस अपशिष्ट परिवहन वाहन और सफाईमित्रा के लिए पीपीई किट खरीदी जाएगी।

स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता पर निर्भर : पीएम

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने जेनेवा में चल रहे विश्व स्वास्थ्य सभा के 78वें सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य के लिए एक विश्व के मुद्दे पर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। समावेशिता भारत के मूल में है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस साल विश्व स्वास्थ्य सभा का विषय स्वास्थ्य के लिए एक विश्व है। यह वैश्विक स्वास्थ्य के लिए भारत के दृष्टिकोण से मिलता जुलता है। जब मैंने 2023 में इस सभा को संबोधित किया था, तो मैंने एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ विश्व का भविष्य समावेशिता, एकीकृत दृष्टिकोण और सहयोग पर निर्भर करता है। समावेशिता भारत के स्वास्थ्य

सुधारों के मूल में है। उन्होंने कहा कि हमारी आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है। इसमें 580 मिलियन लोग शामिल हैं और इनको मुफ्त इलाज प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम को हाल ही में 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी भारतीयों को शामिल करने के लिए बनाया गया है। भारत के पास हजारों स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का नेटवर्क है। वे कैंसर, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की जांच और पता लगाते हैं। हजारों सार्वजनिक फार्मासिस्ट बाजार मूल्य से बहुत कम कीमत पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाइयां उपलब्ध कराते हैं।

पीएम मोदी कहा कि स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए तकनीक एक महत्वपूर्ण उत्प्रेरक साबित हो सकता है। भारत के पास गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण को ट्रैक करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म है। लाखों लोगों के पास एक अनूठी डिजिटल स्वास्थ्य पहचान है। यह हमें लाभ, बीमा, रिकॉर्ड और सूचना को एकीकृत करने में मदद कर रहा है। टेलीमेडिसिन के साथ कोई भी डॉक्टर से बहुत दूर नहीं है। हमारी निःशुल्क टेलीमेडिसिन सेवा ने 340 मिलियन से अधिक परामर्शों को सक्षम किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया का स्वास्थ्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम सबसे कमजोर लोगों की कितनी अच्छी तरह देखभाल करते हैं।

हमें प्रोटोकॉल में विश्वास करना चाहिए : धनखड़

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सीजेआई जस्टिस बीआर गवई के मुंबई में प्रोटोकॉल का मुद्दा उठाने का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह बहुत जरूरी मुद्दा है। हमें प्रोटोकॉल में विश्वास रखना चाहिए, इसका पालन करना मौलिक है। उन्होंने कहा कि मैं इस मुद्दे को उठाने के लिए सीजेआई का आभार व्यक्त करता हूं। मैं भी इसका पीड़ित हूं। आपने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री की तस्वीर देखीं होगी, लेकिन उपराष्ट्रपति की नहीं।

दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि आज सुबह उन्हें देश में एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात की याद आई और यह हमारे लिए नहीं है।

हमें प्रोटोकॉल में विश्वास करना चाहिए। देश के मुख्य न्यायाधीश और प्रोटोकॉल को बहुत ऊंचा स्थान दिया जाता है। जब उन्होंने यह संकेत दिया, तो यह व्यक्तिगत नहीं था, यह उनके पद के लिए था। मुझे यकीन है कि यह बात सभी को ध्यान में रखनी चाहिए।

धनखड़ की प्रोटोकॉल पर टिप्पणी भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई की ओर से रविवार को अपनी नाराजगी व्यक्त करने के बाद आई है। दरअसल, शीर्ष न्यायिक पद पर पदोन्नत होने के बाद जस्टिस गवई पहली बार महाराष्ट्र पहुंचे थे। 14 मई को शपथ लेने वाले सीजेआई गवई महाराष्ट्र और गोवा बार काउंसिल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के लिए मुंबई में थे। इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक या मुंबई पुलिस आयुक्त कोई भी उनके लिए मौजूद नहीं था। सीजेआई की टिप्पणी के कुछ घंटों बाद तीनों शीर्ष अधिकारी उस समय मौजूद रहे, जब सीजेआई गवई प्रतिष्ठित समाज सुधारक और भारत के संविधान के मुख्य वास्तुकार को श्रद्धांजलि देने के लिए दादर में बीआर अंबेडकर के अंतिम संस्कार स्थल चैत्यभूमि गए थे।

जमानत के लिए एक साल जेल में रहना जरूरी नहीं : सुको

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के मामलों में जमानत पाने के लिए यह कोई नियम नहीं है कि आरोपी को पहले एक साल जेल में रहना होगा। शीर्ष कोर्ट ने कारोबारी अनवर ढेबर को राहत देते हुए यह टिप्पणी की। जस्टिस अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कारोबारी अनवर ढेबर को मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में जमानत दी। यह मामला करीब 2,000 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले से जुड़ा है। बेंच ने टिप्पणी की, ऐसा कोई नियम नहीं है कि जमानत पाने के लिए आरोपी को एक साल तक जेल में रहना होगा।

कर्नाटक में सभी पांच वादे पूरे किए

समर्पण-संकल्प रैली में राहुल गांधी ने भाजपा पर जमकर बोला हमला

विजयनगर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कर्नाटक के दौरे पर पहुंचे हैं। जहां विजयनगर हवाई अड्डे पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने उन सभी का स्वागत किया। वहीं समर्पण-संकल्प रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, मुझे यह जानकारी मिली कि कर्नाटक में बहुत से लोग जमीन के मालिक हैं, लेकिन उनके पास जमीन के मालिकाना हक नहीं हैं। इसमें सभी समुदायों के लोग शामिल थे। उनके पास संपत्ति या मालिकाना हक नहीं

था, और न ही उन्हें सरकार से कोई सुविधाएं मिल रही थीं।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि, %मैंने इस मुद्दे को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के सामने उठाया और कहा कि जो भी कर्नाटक में जमीन के मालिक हैं, उन्हें मालिकाना हक मिलना चाहिए। आज, कर्नाटक सरकार 1 लाख परिवारों को मालिकाना हक देने जा रही है।

राहुल ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बने दो साल हो गए हैं। हमने चुनावों में पांच गारंटियों का वादा किया था। बीजेपी और पीएम मोदी ने कहा था कि कांग्रेस इन गारंटियों को पूरा नहीं कर पाएगी। हमारी पहली गारंटी थी, 1 करोड़ महिलाओं को गृह लक्ष्मी योजना के तहत हर महीने 2,000 रुपये देना। कर्नाटक सरकार यह पैसा करोड़ों महिलाओं के खातों में डाल रही है। हमारी दूसरी गारंटी थी, 200 यूनिट मुफ्त बिजली हर परिवार को देना, जो कि करोड़ों परिवारों को दी जा रही है।

कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग में टूटकर गिरा पहाड़, आवाजाही ठप

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ जिले में पहाड़ी दरकने से कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग बंद हो गया है। वाहनों का संचालन ठप होने से सैकड़ों की संख्या में यात्री मार्ग में फंसे हुए हैं। आपदा प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार कैलाश मानसरोवर यात्रा मार्ग पर ऐलागाड़ और कुलागाड़ के बीच में सोमवार देर रात विशालकाय चट्टान खिसककर सड़क पर आ गया। इससे वाहनों का संचालन ठप है। आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन को जा रहे और लौट रहे यात्री मार्ग में ही फंसे हुए हैं।

दिल्ली सरकार का बड़ा फैसला, विधायकों का एलएडी फंड घटाया

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने वार्षिक विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास (एलएडी) निधि को 15 करोड़ रुपये से घटाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया है। पिछले साल अक्तूबर में तत्कालीन आप सरकार ने विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले निधि को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये कर दिया था। दिल्ली सरकार के शहरी विकास विभाग की ओर से जारी एक हालिया आदेश के अनुसार 2 मई को कैबिनेट के फैसले के अनुसार विधायक एलएडी फंड को प्रति विधानसभा क्षेत्र प्रति वर्ष 5 करोड़ रुपये रखा गया है। आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट निर्णय में कहा गया है कि निधि का आवंटन वित्तीय वर्ष 2025-26 से प्रति वर्ष प्रति विधानसभा क्षेत्र 5 करोड़ रुपये रखा गया है।

आदेश में कहा गया है कि यह एक अप्रतिबंधित निधि होगी और इसे पूंजीगत प्रकृति के स्वीकृत कार्यों के साथ-साथ परिसंपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव के लिए बिना किसी सीमा के खर्च किया जा सकेगा।

भुजबल ने फडणवीस कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ली

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल की एक बार फिर महाराष्ट्र सरकार के मंत्रिमंडल में वापसी हो गई है। उन्होंने मंगलवार सुबह 10 बजे राजभवन में शपथ ग्रहण की। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उन्हें शपथ दिलाई। इससे पहले भुजबल ने सोमवार रात इस बात की पुष्टि की थी कि उन्हें मंत्री पद की शपथ लेने की जानकारी दी गई है। 77 वर्षीय यह नेता महाराष्ट्र की राजनीति में ओबीसी समुदाय का प्रमुख चेहरा माने जाते हैं और पूर्व कैबिनेट मंत्री

और उपमुख्यमंत्री भी रह चुके हैं।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, छगन भुजबल जी पहले भी मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने कई विभागों को लीड किया है और वो एक अनुभवी नेता हैं... मैं उनको बहुत बधाई देता हूं...उनके अनुभव का निश्चित रूप से सरकार को फायदा होगा...।

दिसंबर 2024 में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा की गई मंत्रिमंडल विस्तार में उन्हें जगह नहीं मिलने पर उन्होंने सार्वजनिक रूप से नाराजगी जताई थी। अब उनकी वापसी धनंजय मुंडे के इस्तीफे के बाद हो रही है। बता दें कि मुंडे ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर मार्च में खाद्य व आपूर्ति मंत्री पद से इस्तीफा दिया था, हालांकि उनके सहयोगी वल्मिक कराड का नाम बीड सरपंच देशमुख हत्या मामले में सामने आने के बाद यह इस्तीफा आया।

नासिक जिले से विधायक हैं भुजबल

भुजबल वर्तमान में नासिक जिले के येवला से विधायक हैं। हालांकि अभी उन्हें कौन सा विभाग मिलेगा, इसका फैसला मुख्यमंत्री फडणवीस द्वारा शपथ के बाद किया जाएगा। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी शामिल हैं।

भारत की जद में पूरा पाकिस्तान

नई दिल्ली। सेना वायु रक्षा महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान डी कुन्हा ने सोमवार को देश की सैन्य क्षमताओं पर बात की। उन्होंने कहा कि भारत के पास पाकिस्तान की पूरी गहराई में लक्ष्य पर हमला करने की क्षमता है। ऑपरेशन सिंदूर से इतर अगर कहा जाए तो पूरी पाकिस्तान भारत की तद में हैं। भारत जब चाहे, जहां चाहे आतंक के ठिकानों को निशाना बना सकता है, उसे ध्वस्त कर सकता है। एएनआई के साथ एक पॉडकास्ट में लेफ्टिनेंट जनरल डी कुन्हा ने कहा, पूरा पाकिस्तान जद में है। उन्होंने कहा कि भले ही वे पाकिस्तानी सेना के जनरल मुख्यालय (जीएचक्यू) को रावलपिंडी से खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) जैसे क्षेत्रों में स्थानांतरित कर दें, उन्हें सुरक्षा का भाव तब भी नहीं आएगा।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के जवाबी आक्रामक कार्रवाइयों ने अहम पाकिस्तानी एयरबेसों को सटीकता से निशाना बनाया। इस दौरान लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए लोइटरिंग म्यूनिशन का उपयोग किया गया।

समय से पहले केरल में दस्तक दे सकता है मानसून

नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम मानसून तय अनुमानित समय से पहले केरल में दस्तक दे सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले चार-पांच दिनों में केरल पहुंचने की संभावना है। यह 1 जून की सामान्य तिथि से काफी पहले है। मौसम विभाग ने पहले पूर्वानुमान लगाया था कि मानसून 27 मई तक केरल में दस्तक देगा। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, अगर मानसून उम्मीद के मुताबिक केरल पहुंचता है तो यह 2009 के बाद से सबसे जल्दी दस्तक देगा। तब यह 23 मई को शुरू हुआ था।आईएमडी ने मंगलवार दोपहर को एक अपडेट में बताया कि अगले 4-5 दिनों के दौरान केरल में मानसून के दस्तक देने के लिए परिस्थितियां अनुकूल होने की संभावना है।

पहलगाम आतंकी हमले पर मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र को घेरा

विजयनगर। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को छोटा सा युद्ध बताया। कर्नाटक में कांग्रेस की समर्पण-संकल्प रैली को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पहलगाम में 26 लोग इसलिए मारे गए क्योंकि मोदी सरकार ने वहां पर्यटकों को सुरक्षा मुहैया नहीं कराई। मोदी कश्मीर नहीं गए क्योंकि खुफिया एजेंसियों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया था। केंद्र सरकार ने पर्यटकों से पहलगाम न जाने के लिए क्यों नहीं कहा? अगर उन्हें बताया गया होता, तो 26 लोगों की जान बचाई जा सकती थी। ऑपरेशन सिंदूर तो छोटा सा युद्ध है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के ऑपरेशन सिंदूर को छोटा युद्ध बताने वाले बयान पर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पाकिस्तान को ऑक्सीजन देने का काम करती है। सब जानते हैं कि हाफिज राहुल गांधी को क्यों पसंद करते हैं? कांग्रेस पार्टी और खरगे कह रहे हैं कि ऑपरेशन सिंदूर एक छोटा युद्ध है। क्या राहुल गांधी और खरगे यह नहीं समझ पा रहे हैं कि हमारे सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में घुसकर वहां नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया और 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया? पाकिस्तान द्वारा जवाबी कार्रवाई के बाद उनके 11 एयरबेस नष्ट कर दिए गए और आज पाकिस्तान दर्द से कराह रहा है।

विदेश सचिव ने की सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की ब्रीफिंग

नई दिल्ली। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत का पक्ष अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रखने के लिए विभिन्न देशों की यात्रा पर जाने वाले सात में से तीन सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को ब्रीफ किया है।

जेडीयू के संजय झा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और डीएमके की कनिमोझी के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों ने इस ब्रीफिंग में हिस्सा लिया। जिसमें उन्हें उनके एजेंडे और उसके महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई।

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने भी इस बैठक में भाग लिया। बता दें कि, उनकी पार्टी द्वारा सरकार के एक तरफा निर्णय के खिलाफ विरोध किया था। बनर्जी उस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं जिसका नेतृत्व संजय झा कर रहे हैं और जो जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, इंडोनेशिया और सिंगापुर की यात्रा करेगा।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के पहले ग्रुप में सात सांसद भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया जाएंगे। इस ग्रुप में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, एस फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन औवैसी, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद हैं। उनके साथ राजनियक हर्षवर्धन श्रृंगला जाएंगे।

सांसदों का दूसरा समूह भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में यूके, फ्रांस, जर्मनी, यूरोप, इटली और डेनमार्क जाएगा। इसमें बीजेपी सांसद डी पुंडरेश्वरी, शिवसेना यूबीटी की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, मनोनीत सांसद गुलाम अली खटाना, कांग्रेस सांसद डॉ. अमर सिंह, भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य, एमजे अकबर होंगे। उनके साथ राजनयिक पंकज सरन होंगे।

सांसदों का तीसरा समूह जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में इंडोनेशिया, मलयेशिया, कोरिया गणराज्य, जापान और सिंगापुर जाएगा। इसमें भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी, एआईटीसी सांसद युसूफ पठान, भाजपा सांसद बृजलाल, सीपीआई एम सांसद डॉ. जॉन ब्रिटास, भाजपा सांसद प्रदान बरुआ, हेमांग जोशी व कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद शामिल हैं। इस ग्रुप में राजनयिक मोहन कुमार होंगे।

सांसदों का चौथा समूह शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य, सिएरा लियोन जाएगा। इसमें समूह में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, आईयूएमएल के सांसद ईटी मोहम्मद बशीर, भाजपा सांसद अतुल गर्ग, बीजद सांसद सस्मित पात्रा, भाजपा सांसद मनन मिश्रा और पूर्व सांसद एसएस अहलूवालिया शामिल हैं। इस समूह में राजनयिक सुजन चिनॉय भी होंगे।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सांसदों का एक दल अमेरिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया जाएगा। इसमें लोजपा सांसद शाम्भवी, जेएमएम सांसद डॉ. सरफराज अहमद, टीडीपी सांसद जीएम हरीश बालयोगी, भाजपा सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, भुवनेश्वर कालिता, शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या शामिल होंगे। इस समूह में राजनयिक तरनजीत सिंह संधू होंगे।

प्रदूषण बेरोजगारी और सड़क हादसे से चीखती सिंगरौली में मनेगा महोत्सव

मनोरंजन के लिए खर्च होंगे करोड़ों रुपए, उठ रहे विरोध के सुर

सिंगरौली। श्रृंगी ऋषि की तपोभूम में 24 मई को मनोरंजन के लिए करोड़ों रुपए खर्च होने वाले हैं। इसके लिए माया नगरी से प्लेबैक सिंगरों को बुलाया गया है। स्थानीय प्रशासन एवं जिले के जनप्रतिनिधि खूब इस महफिल का लुत्फ उठाएंगे। इधर सिंगरौली वासी मनोरंजन के लिए करोड़ों रुपए खर्च किये जाने का विरोध कर रहे हैं। क्योंकि सिंगरौली जिले में प्रदूषण की स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि हवा में पूरी तरह से जहर घुल चुका है। इस जिले का पानी पीने लायक नहीं रह गया है, सड़के चलने लायक नहीं है, क्योंकि यहां कोयला और राखड़ लोड बड़े-बड़े माल वाहक, वाहन काल बनाकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। यह किसी भी समय किसी को रौंद देते हैं और बेरोजगारी की बात करें तो कंपनियों में मजदूरी का काम भी मिलना मुश्किल हो गया है शिक्षित बेरोजगार घूम रहे हैं। कुल मिलाकर सिंगरौली इन सभी दर्दों की वजह से कराह रही है, लेकिन जिला प्रशासन एवं जन प्रतिनिधि हर वर्ष की तरह इस बार भी सिंगरौली महोत्सव गौरव दिवस मनाएंगें। अब समस्या यह नहीं है कि सिंगरौली का गौरव दिवस क्यों मनाया जा रहा है, बल्कि समस्या तब खड़ी हो जाती है जब इस महोत्सव के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। क्योंकि सिंगरौली जिले में पैसे के अभाव में अभी कई ऐसे महत्वपूर्ण कार्य अधूर में पड़े हुए हैं जो सिंगरौली महोत्सव के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च करने की इजाजत नहीं देते

महोत्सव के नाम पर खर्च होंगे करोड़ों रुपए

24 मई से शुरू होने वाले सिंगरौली महोत्सव कार्यक्रम के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च होने वाले हैं। यह राशि कहां से आएगी और कितनी राशि किस काम के लिए खर्च हो रही है, यह जानकारी जिले के बहुत ही कम लोगों तक सीमित रहेगी। जिले वासियों को इस महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत नहीं कराया जाएगा। उन्हें सिर्फ दूर से दर्शक दीर्घा का हिस्सा बनाया जाएगा

स्थानीय कलाकार उपेक्षित

सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बाहरी कलाकारों को बुलाकर दो चार प्रस्तुति के बदले लाखों रुपए दिए जाएंगे, लेकिन जरूरी नहीं की बाहरी कलाकार समां बांध पाएंगे। वहीं स्थानीय कलाकारों को भी भाग लेने का मौका अवश्य दिया जा रहा है, लेकिन इन्हें फूटी कौड़ी नहीं मिलेगी। यही वजह है कि अधिकांश स्थानीय कलाकार इस महोत्सव में भाग नहीं ले रहे हैं

इनका कहना

सिंगरौली महोत्सव में सबसे पहले स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता देना चाहिए। यदि बाहरी कलाकारों को पैसे दिए जा रहे हैं तो स्थानीय कलाकारों को भी पैसा देना चाहिए। यदि ऐसा नहीं हो रहा है तो यह गलत है इस संबंध में मैं कमेटी से बात करूंगा।

रामनिवास शाह
विधायक सिंगरौली



सिंगरौली महोत्सव के अवसर पर जिले के लिए कोई बड़ी घोषणा होनी चाहिए। गौरव दिवस तब माना जाएगा जब करोड़ों रुपए मनोरंजन के लिए खर्च न कर वही पैसा जिले के विकास के लिए खर्च हो तभी सिंगरौली वासियों का तभी भला होगा।

ज्ञानेंद्र द्विवेदी, जिलाध्यक्ष
ग्रामीण कांग्रेस कमेटी सिंगरौली

पूरा जिला प्रदूषण विस्थापन और सड़क हादसे जैसी गंभीर समस्याओं से बेहाल है और सिंगरौली के जनप्रतिनिधि और प्रशासन द्वारा मनोरंजन के लिए करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं। यह निश्चित रूप से सिंगरौली वासियों के साथ घोर अन्याय है। वही पैसा सिंगरौली के विकास के लिए के लिए खर्च होना चाहिए।

कामरेड संजय नामदेव
भाकपा सिंगरौली



सिंगरौली जिला प्रदूषण विस्थापन बेरोजगारी सड़क हादसे जैसी तमाम समस्याओं से चीख रही है। यहां के जो पैसा इस महोत्सव के नाम पर खर्च हो रहा है, वही पैसा सिंगरौली के विकास में लगाना चाहिए, लेकिन मनोरंजन के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, जिसका मैं विरोध करता हूं।

सुधीर पाण्डेय
कलाकार एवं समाज सेवी
सिंगरौली

रेत कारोबारियों को मिली खुली छूट, पूरी रात परिवहन करते हैं रेत का अवैध कारोबार

... आईजी साहब हम लोग रात में चैन की नींद से सो नही पा रहे हैं

सिंगरौली। आईजी साहब हम लोग रात में ट्रैक्टरों के गड़गड़ाहट से चैन की नींद सो नही पाते हैं। पूरी रात ट्रैक्टर मोहल्ले के सड़को से रेत का अवैध परिवहन करते रहते हैं। उक्त कथन गनियारी एवं बलियरी इलाके का है। रहवासी अब आईजी से गुहार लगाने लगे हैं।

दरअसल कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के बलियरी के रिहंद नदी से रात के समय अवैध रेत का कारोबार जोर पकड़ा हुआ है। रात करीब 11 बजे से आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर बलियरी-गनियारी होकर देवरा गांव की ओर धमाचौकड़ी करते हुये तेज रफ्तार में सरपट दौड़ते रहते हैं और पूरी रात कई ट्रीप भी लगाते हैं। लेकिन नाईट गस्त में शामिल कोतवाली पुलिस कर्मियों को उक्त ट्रैक्टर कहीं भी नजर नही आते। अब सवाल उठाया जा रहा है कि क्या पुलिस इलाके में नाईट गस्त करती है या फिर अवैध रेत कारोबारियों को खुली छूट दे दी है। जबकि यहां बताते चले कि कोतवाली पुलिस दावा करती है कि क्षेत्र में कहीं भी रेत का अवैध कारोबार नही हो रहा है। पुलिस के इस दावे में कितना दम है, यह तो गनियारी एवं बलियरी के रतजगा करने वाले मोहल्लेवासी ही बता पाएंगे। बहरहाल कोतवाली क्षेत्र रात में समय रेत के हो रहे अवैध कारोबार को लेकर पुलिस की निष्कृयता एवं उनकी मिली भगत और रेत कारोबारियों को संरक्षण देने पर गंभीर आरोप लग रहे हैं।

कोतवाली पुलिस बड़े जोश-खरोश के साथ दावा करती है कि रेत का अवैध कारोबार नही हो रह है। जबकि बलियरी एवं गनियारी मोहल्लों में जहां से ट्रैक्टर रात के समय गुजरते हैं। कही घरों में सीसीटीव्ही कैमरे भी लगे हुये हैं। इस तरह की बाते मोहल्ले वासी भी बता रहे हैं। मोहल्लेवासी यह भी बताते हैं कि यदि उक्त सीसीटीव्ही कैमरों की जांच करा दी जाये तो कोतवाली पुलिस की दावे की हवा निकल सकती है। बशर्ते जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों को ईमानदारी से जांच करनी होगी। रहवासियों ने यहां तक कहा है कि एसपी के यहां शिकायत करने पर कोई सार्थक परिणाम नही दिख रहा है।

बरगवां पुलिस ने अवैध कोयले के कारोबार पर की कार्यवाही

गोदवाली से 16 मिट्रिक टन अवैध कोयला जप्त

सिंगरौली। बीती रात बरगवां पुलिस ने अवैध कोयले के कारोबार पर कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में अवैध कोयला जप्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रात्रि गस्त के दौरान बरगवां निरीक्षक राकेश साहू को सूचना मिली की ग्राम गोदवाली में त्रिमूला कम्पनी के गेट के आगे श्रीराम तिवारी के घर व जायसवाल ढावा के बीचो-बीच खाली जमीन पर काफी मात्रा में अवैध कोयला पड़ा हुआ है। बरगवां निरीक्षक ने इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी, जिसके बाद एसपी के निर्देश पर टीआई राकेश साहू ने थाने के स्टॉफ सउनि कृष्णेद्र सिंह, प्रआर आलोक चतुर्वेदी, रामनिवास यादव, अरविन्द यादव, आर प्रशान्त सिंह को साथ लेकर मौके पर तस्दीक करने पहुँचे। पुलिस को वहां से लगभग 16 मिट्रिक टन कोयला पड़ा मिला। टीआई बरगवॉ के द्वारा मौके पर कार्यवाही की गई एवं खनिज विभाग को बुलाकर जप्तमाल सुपुर्द किया गया। इस कार्यवाही में खनिज विभाग से माईनिंग इस्पेक्टर कपिलमुनी शुक्ला, विद्याकान्त तिवारी भी मौजुद रहे। उक्त कार्यवाही में सउनि कृष्णेन्द्र सिंह, प्रआर रामनिवास यादव, आलोक चतुर्वेदी, आर अरविन्द यादव व प्रशान्त सिंह की सराहनीय भूमिका रही है।

सरकारी हैंड पंप में समर्सिबल पंप लगाकर कब्जा

सिंगरौली। जनसुनवाई में सरकारी हैंडपंप में निजी मोटर समर्सिबल पम्प डालकर कब्जा करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि पंप लगने से पानी पीने से मना करने तथा झगड़ा विवाद करने की शिकायत आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने कलेक्टर से की है। चितरंगी जनपद पंचायत क्षेत्र के लोटान गांव से बाबूराम साहू पिता गुलाब साहू और दुखीलाल बैगा पिता बन्धू बैगा ने कलेक्टर से शिकायत किया कि सरकारी हैंड पंप में गांव के ही उपेन्द्र विश्वकर्मा पिता पन्नेलाल विश्वकर्मा द्वारा विगत एक वर्ष पूर्व से अपना निजी समर्सिबल पम्प लगाया गया है। जिससे हैण्डपंप चलाने पर पानी नहीं निकलता है, ऐसे में गर्मी में मुहल्ले वासियों को पानी की समस्या हो रही है।

पूर्व सरपंच पर 200 एकड़ सरकारी जमीन का पट्टा कराने का आरोप

जनसुनवाई में कलेक्टर से हुई शिकायत, आरोपी जान से मारने दे रहे धमकी

सिंगरौली। आज दिन मंगलवार की जनसुनवाई में जनपद पंचायत चितरंगी के गांव कतरिहार से एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने कलेक्टर से पूर्व सरपंच की शिकायत करने पहुंचे। ग्रामीणों ने दिये शिकायती पत्र में पूर्व सरपंच पर 200 एकड़ सरकारी जमीन को बैक डेट में फर्जी पट्टा करा लेने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों ने बताया कि कतरिहार ग्राम के पूर्व सरपंच रामनरेश गुर्जर पिता वैद्यनाथ गुर्जर पूर्व सरपंच था। वह अपने कार्यकाल में गांव की म.प्र. शासन की करीब 200 एकड़ जमीन का बैक टेड में फर्जी पट्टा अपने बाबा रामरूप भुर्तिया अपने पिता

वैद्यनाथ भुर्तिया माता गोन्हई अपने बहन राधिका गुर्जर सहित अपने परिवार वाले रामसहाय गुर्जर, गनपत गुर्जर, रामरक्षा गुर्जर, भुबाली गुर्जर के नाम करा लिया है। जबकि कई खसरा नम्बरों में आदिवासी आवाद हैं और कई पुस्तों से इन्ही का कब्जा रहा। लेकिन सरहंग पूर्व सरपंच रामनरेश गुर्जर पुलिस और प्रशासन की धमक दिखाकर वहां से भगाना चाह रहा है। शिकायत कर्ताओं ने बताया कि 22 अप्रैल 2025 को पूर्व सरपंच के खिलाफ जब से जनसुनवाई में शिकायत किये हैं, उसी समय से वह ना केवल जान से मारने, बल्कि फर्जी केश में फंसाने की धमकी दे रहा है। उसके द्वारा कहा जाता है कि पुलिस और प्रशासन हमारे बस में हैं। हम जैसा चाहेंगे, वैसा ही होगा। ग्रामीणों ने अपने दिये शिकायती पत्र में बताया कि पूर्व सरपंच अपने कार्यकाल में एक आदिवासी लड़की का अपहरण कर लिया था। जिसका पता आज तक नही चला। वह उस मामले में जेल में भी था।

छेड़खानी की रपट दर्ज करने के नाम पर एसआई ने लिया 5 हजार

पीड़िता ने एसपी से की शिकायत, बरगवां थाना का मामला

सिंगरौली

बरगवां थाना क्षेत्र के ग्राम तलवा निवासी एक महिला से बरगवां थाने में पदस्थ एक एसआई ने छेड़खानी की रपट दर्ज करने के नाम पर 5 हजार रूपये लिया है। पैसा लेने के बाद रपट भी दर्ज नही की है। जिससे परेशान होकर पीड़िता ने एसपी कार्यालय पहुंच कर न्याय की गुहार लगाई है।

बरगवां थाना क्षेत्र के तलवा निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में बताया है कि मेरा पड़ोसी

रामसुभग साहू पिता रंगीलाल साहू द्वारा आये दिन परेशान व धमकाया जाता है। सरहंग के द्वारा अशब्द बोला जाता है। यहां तक पीड़िता ने कई संगीन आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसपी को दिये पत्र में कहा कि 12 मई को रात में घर में घुसकर जबरजस्ती करने का प्रयास करने लगा। इस घटना की शिकायत बरगवां थाने में की, लेकिन सरहंग पर पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि बरगवां थाना में पदस्थ एक एसआई ने कहा कि 5 हजार रूपये दो, तो एफआईआर करके गिरफ्तार करेंगे। पीड़िता ने एसआई की बात मान ली और 5 हजार रूपये दे दी। लेकिन जब रपट नही लिखी गई तो पीड़िता एसआई के यहां पहुंची और कहा कि रपट नही लिखे हैं और न ही उसे गिरफ्तार कि ये। एसआई के द्वारा कहा गया कि निमंत्रण खाने जा रहे हैं, लौट के आएंगे तो एफआईआर दर्ज करेंगे। लेकिन अब एसआई मुकर गया। जिससे पीड़िता परेशान होकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुये एफआईआर दर्ज कराने की गुहार लगाई है।

कर्मचारियों के लिए बेहतर आवास सुविधा का एक और कदम

सिंगरौली। एनटीपीसी विंध्याचल टाउनशिप में एक नए और आधुनिक रूप से सुसज्जित बैचलर आवास नवतरंग का उद्घाटन किया गया। इस खास अवसर पर नसका श्रीनिवास राव क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ने रिबन काटकर भवन का उद्घाटन किया। उनके साथ ई सत्य फणि कुमार कार्यकारी निदेशक भी विशेष रूप से मौजूद रहे। नवतरंग में कुल 30 कमरे हैं जो न केवल अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं, बल्कि कर्मचारियों के लिए एक आरामदायक और सौम्य वातावरण भी प्रदान करते हैं।

हिंडालको महान की पहल पर विश्व मधुमक्खी दिवस कार्यक्रम आयोजित

सिंगरौली। विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर हिंडालको महान द्वारा मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहन देने के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक मंगलेश्वर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। उन्होंने मधुमक्खी पालन को ग्रामीण आजीविका का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि यह न

केवल आर्थिक रूप से लाभकारी है, बल्कि पर्यावरण संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा मधुमक्खियाँ प्रकृति की मौन कर्मठ सेवक हैं, जिनके बिना परागण की प्रक्रिया और कृषि उत्पादन दोनों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। हिंडालको महान के सीएसआर प्रमुख संजय सिंह और बीरेंद्र पांडेय ने कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा संचालित जीवनोत्कर्ष परियोजना के तहत कई गांवों में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, उपकरण व बॉक्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

महिला थाना प्रभारी ने पीड़िता को नही मिलने दी एसपी से

तीन दिन तक पीड़िता को महिला थाना बुलाकर नही लिखी गई रिपोर्ट

सिंगरौली। जिले में कानून व्यवस्था पूरी तरीके से लड़खड़ा चुकी है। कानून का डर अब अपराधियों में नही रह गया है। क्योंकि अब पैसा बोलता है। यही वजह है कि पीड़ितों को न्याय नही मिल पा रहा है। कुछ ऐसा ही वाक्या एसपी कार्यालय में आज दिन मंगलवार 20 मई दोपहर तकरीबन 12:30 पर देखने को मिला है। जहां एक महिला छेड़खानी व धमकी की शिकायत महिला थाना में की थी, लेकिन तीन दिन बुलाकर रपट नही लिखी गई तो महिला थकहार कर एसपी कार्यालय पहुंची। जहां बाहर बैठी महिला थाना प्रभारी ने पीड़िता को एसपी से नही मिलने दिया गया। पीड़िता ने महिला थाना

प्रभारी पर कई गंभीर आरोप लगाया है।

जिले के माड़ा थाना क्षेत्र के सिंगाही निवासी लगभग एक 25 वर्षीय महिला ने एसपी के नाम दिये शिकायती पत्र में बताया कि बीते 14 अप्रैल की रात तकरीबन 10 बजे घर में जबरन रंगधारी सिंह खैरवार घुसकर ईज्जत लुटने का प्रयास करने लगा। पीड़िता ने हल्ला गुहार की तो परिजन पहुंचे। परिजनों को देखकर रंगधारी सिंह घर से भाग गया और सुबह धमकी देने लगा कि अगर कही शिकायत करोगी तो तुम्हारे साथ गलत हो जाएगा। अगर शिकायत करती भी हो तो कहीं सुनवाई नही होगी। तब पीड़िता ने माड़ा थाना गई। जहां शिकायत की, लेकिन रिपोर्ट नही लिखी गई। पीड़िता महिला थाना बैढ़न 13 मई को आई और शिकायत की, लेकिन तीन दिन तक बुलाने के बाद भी पीड़िता की शिकायत पर कोई कार्रवाई नही की गई। महिला थाने से कोई सुनवाई नही होने के बाद पीड़ित आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। जब महिला को महिला थाना प्रभारी ने देखा तो उसका आवेदन ले ली। पीड़िता बोली कि मुझे एसपी से मिलना है, मेरा आवेदन दे दीजिए। मीडिया कर्मियों को देखकर महिला थाना प्रभारी ने आवेदन तो दे दिया, लेकिन पुलिस अधीक्षक से मिलने नही दिया गया। कुछ इस तरह की घटनाएं एसपी कार्यालय के जनसुनवाई में देखने को मिली। पीड़िता ने बताया कि जब मैं अंदर जाने का प्रयास करती हूँ तो अंदर नही जाने दिया जाता है। सिर्फ मुझे महिला थाना प्रभारी के द्वारा एक कागज का टुकड़ा दिया गया, जिसमें लिखा था शिवपूजन मिश्रा थाना प्रभारी माड़ा। आखिर इसका क्या अर्थ है, यह समझ से परे लग रहा है। लेकिन महिला ने जिस तरीके से महिला थाना प्रभारी पर आरोप लगा रही है कहीं न कहीं सच्चाई तो है, क्योंकि इन दिनों महिला थाना काफी चर्चाओं में लेन-देन को लेकर आ चुका है।

कार्यालय नगर पालिक निगम रीवां, जिला- रीवा (म.प्र.)

//निविदा सूचना//

क्रमांक-646/ई-टेंडर/न.पा.नि./2025 रीवा, दिनांक 19-05-2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	2025_UAD_424731_1 20.05.2025 [FIRST CALL] 642/19.05.2025	नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत सोख्ता गड्ढे (Soak pit) का निर्माण एवं हैंडपंप नाली से अपशिष्ट जल को सोख्ता गड्ढे में जोड़ने का कार्य।	04 माह ₹ 06.80 लाख	₹2000.00 ₹6800.00	04.06.2025 18:00 बजे तक।
2.	2025_UAD_424732_1 20.05.2025 [FIRST CALL] 643/19.05.2025	नगर पालिक निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत समर्सिबल मोटर पंप सेट के सुधार कार्य हेतु वार्षिक दर अनुबंध पर निविदा।	12 माह ₹ 06.62 लाख	₹2000.00 ₹6620.00	04.06.2025 18:00 बजे तक।
3.	2025_UAD_424733_1 20.05.2025 [FIRST CALL] 644/19.05.2025	नगर पालिक निगम रीवा कार्यालय के कंट्रोल रूम में बैकअप हेतु 10KVA का UPS प्रदाय करने का कार्य।	01 माह ₹ 03.66 लाख	₹2000.00 ₹3660.00	04.06.2025 18:00 बजे तक।
4.	2025_UAD_424734_1 20.05.2025 [FIRST CALL] 645/19.05.2025	जोन क्रमांक-01 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-05 में संजीवनी क्लीनिक के पास नाले के ऊपर कवर निर्माण का कार्य।	02 माह ₹ 05.58 लाख	₹2000.00 ₹5580.00	04.06.2025 18:00 बजे तक।

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (विद्युत जोन-1)
नगर पालिक निगम
रीवा (म.प्र.)

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 139 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

सीधी। नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 139 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में चयनित विषयों से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित समीक्षा करें तथा प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर शिकायतों को निराकृत करायें। कोई भी शिकायत नॉन अटेण्डेड नहीं रहे और निम्न गुणवत्ता से बंद शिकायतों की संख्या न्यूनतम रहे। उन्होंने कहा कि अप्रैल-25 की शिकायतों के निराकरण में सभी विभाग ए-ग्रेड के लिए प्रयास करेंगे। शिकायतकर्ता से संपर्क कर उनकी वैध समस्याओं का तत्परता से निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, संयुक्त कलेक्टर एसपी मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनंजय मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

युवा संगम में 109 आवेदकों का हुआ प्राथमिक चयन

सीधी। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देकर बताया कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र आई.टी.आई. सीधी एवं जिला रोजगार कार्यालय सीधी (म.प्र.) के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 20 मई 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सीधी के परिसर में एक दिवसीय युवा संगम के तहत् रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में देश, प्रदेश एवं स्थानीय स्तर से निजी क्षेत्र की 06 कंपनियों ने भाग लिया जिसमें 138 युवक एवं युवतियों ने अपना पंजीयन कराया एवं 109 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया एवं स्वरोजगार से संबंधित विभाग जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीधी, ग्रामीण आजीविका मिशन, जनजातीय कल्याण विभाग सीधी, आदि विभागो मे चलने वाली स्वरोजगार योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाकर आकांक्षी युवाओं को स्वरोजगार संबंधी जानकारी दी गई।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 हेतु आवेदन आमंत्रित

सीधी। बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पार्यावरण तथा कला और संस्कृति के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालक/बालिकाओं से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिये आवेदन आमंत्रित किया गया है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सीधी प्रवेश कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रत्येक वर्ष 05 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चों को दिया जाता है जिनके द्वारा बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर्यावरण तथा कला और संस्कृति के क्षेत्र मे राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य किया गया है। बच्चे की न्यूनतम एवं अधिकतम उम्र की गणना 31 जुलाई 2025 की स्थिति में की जायेगी। भारतीय नागरिक और भारत में रहने वाला बच्चा ही पुरस्कार के लिये पात्र है। श्री मिश्रा द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु नामांकन/आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पद के माध्यम से प्राप्त किया जायेगा। ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। आवेदन पत्र के संबंध मे विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर उपलब्ध है। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा जिले के राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृट प्रदर्शन करने वाले पात्र बच्चों द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आवेदन किये जाने का आग्रह किया गया है।

सीधी फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

सीधी। अधीक्षण अभियंता (संचा-संघा) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं लिमि. सीधी ने जानकारी देकर बताया कि 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र सीधी में 40 एम.व्ही.ए. को प्री-मानसून मेन्टीनेन्श एवं टेस्टिंग कार्य कराने के लिए दिनांक 22.05.2025 को सुबह 09 बजे से 05 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होने बताया कि दिनांक 22.05.2025 को 220 के.व्ही.ए. उपकेन्द्र सीधी से निकलने वाली 33 के.व्ही.ए. सिहावल एवं सेमरिया से संबंधित सभी उपकेन्द्र सटशाउन के दौरान बन्द रहेंगे।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 30 मई को

सीधी। जिला चिकित्सालय सीधी के डीइआईसी भवन में हृदय रोग से पीड़ित बच्चों एवं बड़ों हेतु निरूशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दिनांक 30 मई 2025 को किया जा रहा है। इस शिविर में दिल की बीमारी से संबंधित समस्त समस्याओं का जांच एवं उपचार किया जाएगा । शिविर में इको एवं ईसीजी की सुविधा उपलब्ध होगी। आरबीएसके योजना के तहत 0 से 18 साल तक के बच्चों का उपचार कराया जाएगा। आयुष्मान कार्ड धारकों का उपचार आयुष्मान योजना के तहत कराया जाएगा। जिन बच्चों का होंठ कटा हो या तालु कटा हो, जिनको बोलने में समस्या हो, गले में छेद हो, जीभ जुड़ी हो, ऐसे बच्चों को 30 मई 2025 को सुबह 11 बजे भेजने का कष्ट करें। कटे फटे होंठ एवं तालु के बच्चों के लिए कम से कम 4 माह की उम्र और 4 किलो से ज्यादा वजन होना अनिवार्य है। ऐसे बच्चों के परिजन बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र और अपने आधार कार्ड और साथ में दो दिन रुकने के हिसाब से व्यवस्था करके आएं। इन बच्चों का ऑपरेशन दुबे सर्जिकल हॉस्पिटल जबलपुर में किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बबीता खरे ने सभी हितग्राहियों से अनुरोध किया है कि वे इस शिविर का लाभ उठाएं और अपने दिल की बीमारी से संबंधित समस्याओं का समाधान कराएं।

दिव्यांग मतदाताओं व वरिष्ठ नागरिकों की चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम सहभागिता हेतु जिला स्तरीय निगरानी कमेटी गठित

सीधी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर सीधी जिले के लिए जिला स्तर पर दिव्यांग मतदाताओं व वरिष्ठ नागरिकों की चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम सहभागिता व साझेदारी को सुनिश्चित करने, उनको दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा एवं उपायों को कारगर बना कर सुलभ चुनाव संपादित करने हेतु जिला स्तरीय निगरानी कमेटी का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कमेटी के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी कमेटी के उपाध्यक्ष होंगे। इसी प्रकार उप संचालक सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सीधी, जिला शिक्षा अधिकारी सीधी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीधी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सीधी, सहायक संचालक जनसंपर्क विभाग एवं जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र सीधी कमेटी के सदस्य होंगे।

पुष्पांजलि चैरिटेवल फाउन्डेशन के फल वितरण कार्यक्रम में दिखा उत्साह

पुष्पांजलि का सेवा कार्य अति सराहनीय : सिंह

सीधी

जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरिया में लगातार आठ माह से अधिक समय से मरीजो को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले इस बात की चिन्ता करते हुए पुष्पांजलि चैरिटेवल लगातार मरीजो को फल विस्किट वितरित किया जा रहा है। इसी क्रम में इस सोमवार को भी फल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेमरिया थाना के नवागत थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह ने अपने वक्तव्य मे कहा कि सेमरिया अस्पताल में यह कार्य अति सराहनीय व अपने आप में पुण्य का कार्य है इस सेवा कार्य मे लगे सभी समाजसेवियो को बधाई देता हूँ तथा आपपास से पहुचे लोगो को भी बधाई दी तथा लोगो को निर्भय रह कर जीवन यापन की सलाह दी ।

कार्यक्रम मे अस्पताल के चिकित्सक व तत्कालीन थाना प्रभारी एस आई भूपेन्द्र बागरी, सहित पुलिस स्टाफ ,विनीत सिंह ,मनीष शुक्ला उपस्थित रहे।कार्यकम की अध्यक्षता रामनरेश शुक्ल, विशिष्ट अतिथि राकेश तिवारी एड व संस्था वालेन्टियर पवन तिवारी,भगवान प्रकाश, मनोज कुमार, मुन्द्रिका सोनी सहित काफी संख्या मे मरीज उपस्थित रहे । फल वितरण कार्यक्रम मे काफी संख्या मे पहुचे लोगो मे काफी उत्साह देखने को मिला। तदाशाय की जानकारी संस्था उपाध्यक्ष गुरूप्रसाद शुक्ल ने दी।

श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. भोपाल में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ

आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई

सीधी। सहायक श्रम पदाधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. भोपाल में संचालित 8 ट्रेडो में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश प्रक्रिया कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टल पर होगी। नए सत्र के लिए आवेदक पद पर पंजीयन 31 मई 2025 तक कर सकते हैं। इस संस्था में संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिशिन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट दो वर्षीय पाठ्यक्रम है। इसी प्रकार फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर एक वर्षीय पाठ्यक्रम है। इन व्यवसायों में वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं उत्तीर्ण है। शेष सभी सात पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाय में नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

आकाशीय बिजली गिरी, महिला की मौत, पांच हताहत

सीधी। जिले के बहरी थाना अंतर्गत सरेह गांव में आज दोपहर आंधी-पानी के साथ अचानक आकाशीय बिजली गिरने से आधा दर्जन लोग उसकी चपेट में आ गये। घटना की सूचना 108 एम्बुलेंस को देने पर सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। परीक्षण के पश्चात डॉक्टर द्वारा एक महिला को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं पांच हताहतों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। घटना के संबंध में हीरालाल कोरी पिता मनबहोर कोरी उम्र 40 वर्ष निवासी सरेह ने बताया कि आज तिलक का कार्यक्रम था। जिसके चलते काफी संख्या में नात-रिश्तेदार दोपहर में इक्ट्ठा थे। भोजन के बाद जब वह बाहर निकला तो छविलाल मौर्या के घर की तरफ काफी हल्ला-गुहार मचा हुआ था। पास जाने पर मालूम पड़ा कि घर के सामने आकाशीय बिजली के गिरने से 6 लोग उसकी चपेट में आ गये। इसके बाद 108 एम्बुलेंस से सभी को जिला अस्पताल सीधी लाया गया। अस्पताल में सीमिया मौर्या पति छविलाल मौर्या उम्र 50 वर्ष निवासी सरेह को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं अन्य हताहतों में सीमा मौर्या पति सुनील मौर्या 30 वर्ष, अर्जुन मौर्या पिता बुद्धसेन मौर्या 17 वर्ष, अनुज मौर्या पिता बुद्धसेन मौर्या 20 वर्ष, आशीष मौर्या पिता सुनील मौर्या 10 वर्ष, रूबी मौर्या पिता हीरालाल मौर्या 5 वर्ष सभी निवासी सरेह शामिल हैं।

पेड़ गिरने से घर हुआ क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे घर के लोग

रामगढ़ में तेज हवाओं की जद पर आए कई घर, उड़े परखच्चे

सीधी। जिला मुख्यालय के समीपस्थ आदर्श ग्राम पंचायत रामगढ़ नम्बर 2 में तेज हवाओं की जद में आने से कई घरों को नुकसान पहुंचा है। रामकृष्ण तिवारी के खेत में लगे मुनगे का पेड़ गिरने से ददोल कोटवार का घर क्षतिग्रस्त हो गया है। श्री कोटवार ने बताया कि तेज हवा चलने और बारिश होने कारण पूरा परिवार घर के अंदर था उसी वक्त पेड़ गिरा और घर क्षतिग्रस्त हो गया। पेड़ गिरने से पूरा परिवार सदमे में आ गया , हालांकि घर के

किसी सदस्य को किसी तरह की चोट नहीं आई है। रामगढ़ निवासी प्रवीण शुक्ल के घर पास बने शेड तेज हवाओं से उड़ गए जिससे नीचे खड़े चार पहिया वाहन को नुकसान पहुंचा है, हालांकि इन घटनाओं के बीच किसी प्रकार की गांव में जन दुर्घटना नहीं हुई है।

इनका कहना है

तेज हवाओं के चलते रामगढ़ नम्बर 2 में निवासरत नागरिकों को काफी नुकसान पहुंची है जिसकी जानकारी राजस्व विभाग को दी गई है, प्रशासन से अपील करता हूं कि मौका मुआयना करते हुई प्रभावितों को क्षतिपूर्ति दिलाई जाय।

अमित कु. गौतम स्थानीय निवासी।

तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश, तापमान में आई गिरावट

सीधी। इन दिनों मौसम ने अचानक बदलाव देखने को मिल रहा है। जिले में आंधी तूफान के बाद गरज-चमक के साथ बारिश हुई। इस बारिश से जिले में तापमान में काफी गिरावट आई है। आम नागरिकों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। वहीं तेज आंधी के चलते पेड़ ढहने से घर को छति पहुंचने सहित अन्य तरह के नुकसान भी हुए हैं।

जिले में मौसम के मिजाज ने मंगलवार को अचानक करवट ली। सुबह की तेज धूप व गर्मी से लोग परेशान रहे और अचानक दोपहर बाद आसमान पर काले बादल छाने लगे और दिन में अंधेरा छा छाने लगा। आंधी तूफान के साथ तेज बारिश भी हुई। आंधी और बारिश से आम की फसल को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आंधी से उड़ रही धूल ने लोगों को परेशान किया। दोपहर करीब तीन बजे तेज बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक हल्की बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार वर्तमान में प्रदेश सहित जिले में 3 साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रक की हलचल देखने को मिल रही है। इसके कारण से बारिश और आंधी का दौर चल रहा है। आने वाले कुछ दिनों में बारिश के साथ गर्मी का असर भी देखने को मिलने की संभावना है। जिला मुख्यालय के पास पोस्ट आफिस के सामने एक्सिवी कार के ऊपर तेज तूफान के कारण पेंड़ गिर गया।

अवैध शराब बिक्री करने वाले दो आरोपी हुए गिरफ्तार

कमर्जी थाना प्रभारी ने मुखबिर सूचना पर दी दबिश

सीधी। अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले दो आरोपियों को कमर्जी पुलिस नें हिरासत में लेकर आरोपियों के कब्जे से लगभग 27 हजार रूपए कीमती 60 लीटर अंग्रेजी तथा देशी शराब जप्त किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कमर्जी उनि पवन सिंह के नेतृत्व में कमर्जी पुलिस नें अवैध रूप से शराब की बिक्री के मामले में दो आरोपियों को हिरासत मे लेकर मामला कायम कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी कमर्जी उनि पवन सिंह को कॉम्बिग गश्त के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम अदयपुर का भोला गुप्ता पिता शोभनाथ गुप्ता अपनी किराना दुकान के अन्दर रामपाल पटेल निवासी हर्दी थाना अमिलिया के साथ मिलकर अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु भारी मात्रा में रखे

हुये है। मुखबिर सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी तुरंत मय स्टाफ सूचना के तस्दीक तथा कार्रवाई हेतु रवाना हुए एवं मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर कर रेड कार्यवाही किये तो मौके पर दो व्यक्ति मिले जिनसे नाम पता पूछा गया जो अपना नाम भोला गुप्ता शोभनाथ गुप्ता उम्र 35 वर्ष निवासी अदयपुर थाना कमर्जी एवं रामपाल पटेल पिता राजमनि पटेल उम्र 55 वर्ष निवासी हर्दी थाना अमिलिया जिला सीधी का होना बताये। उसके पश्चात भोला गुप्ता के दुकान के अन्दर की तलाशी ली गई जो दुकान में कुल 7 नग कार्टून मिला, जिसे खुलवाकर देखा गया जिसमें देशी तथा अंग्रेजी शराब पायी गयी। तत्पश्चात भोला गुप्ता शोभनाथ गुप्ता उम्र 35 वर्ष निवासी अदयपुर थाना कमर्जी से उक्त शराब रखने व बिक्री करने के संबंध में वैध कागजात चाहा गया जो कोई कागजात का होना नही बताया। साथ ही यह भी बताया कि उक्त शराब रामपाल पटेल निवासी हर्दी थाना अमिलिया द्वारा बिक्री हेतु लाकर दिया गया है जिसकी बिक्री हम दोनो मिलकर कर रहे है। जिससे आरोपी भोला गुप्ता शोभनाथ गुप्ता उम्र 35 वर्ष निवासी अदयपुर थाना कमर्जी एवं रामपाल पटेल पिता राजमनि पटेल उम्र 55 वर्ष निवासी हर्दी अमिलिया जिला सीधी का कृत्य धारा 34(2) मप्र आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध पाये जाने से आरोपीगणो के कब्जे से कुल शराब 60 लीटर कीमती 27160 रुपये को जप्त किया जाकर उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। समस्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरी पवन सिंह, प्रधान आरक्षक राजू जायसवाल, अभय वर्मा आर नीरज सिंह, शुभम सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

शक्तिपीठ धाम करकचहा में हुई महा आरती

सीधी। माँ शारदा शक्तिपीठ धाम, करकचहा बहरी, जिला-सीधी (म.प्र.) शारदा शारदाम्भोजवदना वदनाम्बुजे । सर्वदा सर्वदास्माकं सन्निधि सन्निधि क्रिया शहर से लगे 30 किलोमीटर दूरी पर मां शारदा शक्तिपीठ धाम में श्रद्धालुओं द्वारा प्रतिदिन प्रात: काल का श्रृंगार आरती, फिर सुबह 8:00 एवं सायं कल 8:00 बजे आरती में सम्मिलित हो रहे हैं। माता शरदा नगरी जैसे प्रतीत हो रही है। बड़ाही मन मोहक माता का श्रृंगार किया जाता है इसी तारतम्य में

अमहा की महारानी की ओर से रश्मि रमेश गुप्ता साथ मे उनकी पुत्री आयुषी शुभी गप्ता, श्रीमती पप्पी नामदेव शक्तिपीठ करकचहा पहुंच कर रात की महा आरती में सम्मिलित हुए एवंभोग प्रसाद ग्रहण किया। शास्त्री जी महाराज प्रधान पुजारी ने कहा कि मां शरदा आए हुए सभी भक्तगणों की मनोकामना पूर्ण करती हैं। नवरात्र में यहां मेले का आयोजन भी हुआ करता है जहां सभी क्षेत्रों से भक्त घर पहुंचते हैं और मानतेपुरी होने पर भंडारा आदि करते हैं।

संपादकीय

सरकारी तंत्र की नाकामी या संगठित अपराध का जाल?

हरियाणा में इस वर्ष के शुरुआती तीन महीनों में ही चार हजार एक सौ लोगों के लापता होने की खबर चिंताजनक है। इससे राज्य के सुरक्षा इंतजाम और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी सवाल उठते हैं। एक राज्य में रोजाना औसतन पैंतालीस लोगों का गुम हो जाना और उनका फिर कभी न मिलना एक ऐसी त्रासदी है, जो न केवल सरकारी तंत्र की नाकामी को दर्शाता, बल्कि एक ऐसी जटिल समस्या का सूचक भी है, जो कई स्तरों पर प्रभावित परिवारों और लोगों पर गहरा असर डाल रहा है।गौरतलब है कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों के गुम हो जाने के अलावा एक हजार से ज्यादा लोगों के अपहरण के मामले भी सामने आए हैं। ये आंकड़े किसी भी जिम्मेदार सरकार को विचलित करने वाले होने चाहिए। यही वजह है कि एक रपट पर स्वत- संज्ञान लेते हुए हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने राज्य की पुलिस को नोटिस जारी कर आठ हफ्ते के भीतर इस मसले पर जवाब मांगा है। आयोग ने सख्त टिप्पणी की है कि ये आंकड़े सार्वजनिक सुरक्षा तंत्र के विफल होने की गंभीर स्थिति को दर्शाते हैं।यह समझना मुश्किल नहीं है कि जो लोग गुम हो जाते हैं, उनके परिवारों को किस गंभीर मानसिक आघात का सामना करना पड़ता होगा। खासकर तब, जब उन्हें यह भी नहीं पता होता कि उनके जो प्रियजन गुम हो गए, वे जीवित हैं या नहीं। मानवाधिकार आयोग की टिप्पणी बिल्कुल सही है कि यह गहन मानवीय पीड़ा और संकट की स्थिति को दर्शाता है।यह छिपा नहीं है कि लापता हो जाने वाली महिलाएं, बच्चे और आर्थिक रूप से कमजोर तबकों के लोग मानव तस्करी, बंधुआ मजदूरी, यौन शोषण, देह व्यापार और अवैध अंग व्यापार जैसी आपराधिक गतिविधियों का शिकार हो जाते हैं। जाहिर है, यह सिर्फ बड़ी संख्या में रोजाना बच्चों, महिलाओं और अन्य लोगों के लापता होने का मामला नहीं, बल्कि इसका सिरा एक व्यापक और संगठित अपराध-तंत्र से जुड़ा दिखता है। विचित्र है कि इतनी बड़ी संख्या में लोग लापता हो रहे हैं और हरियाणा सरकार और प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई होती नहीं दिखती।

तुर्किये में 7.8 तीव्रता वाला सदी का सबसे शक्तिशाली भूकम्प आया था। इस आपदा में 60 हज़ार से अधिक लोगों के हताहत होने, लगभग 1.50 लाख भवनों के धूलधूसित होने तथा 15 लाख से ज्यादा लोगों के बेघर होने की स्थिति निर्मित हुई थी। तब मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए भारत ने 'आपरेशन दोस्त' चलाया था। सबसे पहले भारत ने ही सहायता पहुंचाई थी जिसमें राहत सामग्री भरकर सी-17 श्रेणी के 6 विमान तथा चिकित्सीय उपकरणों तथा दवाइयों से सुसज्जित सुपर हरक्यूलिस श्रेणी का विमान भेजे गये थे। इसके अलावा भारतीय सेना के 250 जवानों सहित एनडीआरएफ के 50 दक्ष सेवाकर्मियों के दलों को भी सहायतार्थ पहुंचाया गया था। चिकित्सा जगत के 99 भारतीय चिकित्सा विशेषज्ञों ने तुर्किये में 30 बिस्तरों का फील्ड अस्पताल बनाकर वहां के 4 हज़ार से अधिक मरीजों की सर्जरी, क्रिटिकल केयर, आपरेशन के साथ साथ अन्य जटिल आपातकालीन इलाज किया था।

'दोस्त' ने की 'सिन्दूर' में गद्दारी

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

'आपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान को सबक सिखाने के बाद अब उसके सहयोगियों को देश ने सबक सिखाना शुरू कर दिया है। इस श्रंखला की पहली कडी है तुर्किये। उल्लेखनीय है कि विगत 6 फरवरी 2023 को तुर्किये में 7.8 तीव्रता वाला सदी का सबसे शक्तिशाली भूकम्प आया था। इस आपदा में 60 हजार से अधिक लोगों के हताहत होने, लगभग 1.50 लाख भवनों के धूलधूसित होने तथा 15 लाख से ज्यादा लोगों के बेघर होने की स्थिति निर्मित हुई थी। तब मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए भारत ने 'आपरेशन दोस्त' चलाया था। सबसे पहले भारत ने ही सहायता पहुंचाई थी जिसमें राहत सामग्री भरकर सी-17 श्रेणी के 6 विमान तथा चिकित्सीय उपकरणों तथा दवाइयों से सुसज्जित सुपर हरक्यूलिस श्रेणी का विमान भेजे गये थे। इसके अलावा भारतीय सेना के 250 जवानों सहित एनडीआरएफ के 50 दक्ष सेवाकर्मियों के दलों को भी सहायतार्थ पहुंचाया गया था। चिकित्सा जगत के 99 भारतीय चिकित्सा विशेषज्ञों ने तुर्किये में 30 बिस्तरों का फील्ड अस्पताल बनाकर वहां के 4 हजार से अधिक मरीजों की सर्जरी, क्रिटिकल केयर, आपरेशन के साथ साथ अन्य जटिल आपातकालीन इलाज किया था। कपडे, टैंट, बचाव उपकरण, जनरेटर्स, एक्सरे मशीन, वैन्टिलेटर्स, ईसीजी मशीनें, कम्बल, दैनिक उपयोग की सामग्री, राशन, फल, मेवा, पौषिक आहार, शक्तिवर्धक औषधियों सहित अन्य आवश्यक सामग्री भी भारत ने भेजी थी। उसी देश ने अहसान फरामोशी का कीर्तिमान स्थापित करते हुए विगत 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए धर्मगत आतंकी हमले के गुनहगार पाकिस्तान पर किये गये 'आपरेशन सिंदूर' के दौरान उसे खुलकर समर्थन ही नहीं दिया बल्कि हथियारों का जखीरा, सैन्य उपकरण, उपकरणों के आपरेटर्स, कूटनैतिक तथा आर्थिक सहयोग तक मुहैया कराया था। सूत्रों के अनुसार तुर्किये ने पाकिस्तान को 350 से अधिक ड्रोन सहित बेतहाशा गोलाबरूद आदि दिये थे ताकि वह आपरेशन सिंदूर का मुंहतोड जवाब दे सके। इसी क्रम में विगत 4 मई 2025 को तुर्किये नौसेना युद्धपोत टीसीजी बुयुकडा एफ-512 भी कराची पोर्ट पर सहायतार्थ पहुंच गया था ताकि भारतीय नौसेवा के साथ खुली जंग हो सके। अतीत में भी अनेक अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर तुर्किये व्दारा

पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाया जाता रहा है। अब भारत ने तुर्किये के खिलाफ आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक नाकेबंदी हेतु कूटनैतिक प्रयास तेज कर दिये हैं। जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, जामिया विश्वविद्यालय सहित देश के अनेक विश्वविद्यालयों तथा शिक्षण संस्थानों ने तुर्किये के साथ हुए अपने अनेक अनुबंध निलम्बित कर दिये हैं जिससे वहां विकसित हो रही शिक्षा संभावनायें एक झटके के साथ रुक गई। दूसरी ओर दिल्ली, किशनगढ, उदयपुर, चित्तौडगढ तथा सिलवासा के मार्बल व्यवसायियों ने पाक सहयोगी से मार्बल के आयात को पूरी तरह से बंद करने की घोषणा कर दी है। मालूम हो कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 14.5 लाख मीट्रिक टन मार्बल का आयात करता है जिसमें से 10 लाख मीट्रिक टन मार्बल केवल तुर्किये से आता था। इस तरह लगभग 2500 करोड रुपये का कारोबार शून्य पर पहुंच गया। देश के मार्बल व्यापार संगठनों की माने तो वे अब तुर्किये के स्थान पर इटली, वियतनाम, स्पेन, क्रोशिया, नामीबिया तथा ग्रीस जैसे देशों से माल मंगाकर उच्चतमस्तर के विलासतापूर्ण जीवन जीने वाले उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करेंगे। इसी तरह देश के फल व्यापारियों ने भी तुर्किये के सेव के आर्डर कैंसिल करना शुरू कर दिये हैं। भारतीय पर्यटकों ने भी इस देश की पूर्व निर्धारित यात्रायें स्थगित करना शुरू कर दीं हैं। आंकडे बताते हैं कि भारतीय पर्यटकों ने गत वर्ष तुर्किये को लगभग 4 हजार करोड का मुनाफा दिया था। तुर्किये के ब्रैंड्स को आनलाइन घायल करने के लिये रिलायंस तथा फ्लिपकार्ट ने भी प्रहार शुरू कर दिये हैं। रिलायंस के आजियो तथा फ्लिपकार्ट के मिंत्रा पर तुर्कीश बैंड्स का सामान आउट आफ स्टाक दिखने लगा है। ज्ञातव्य है कि तुर्किये के ई-कामर्स प्लेटफार्म ट्रेंडयाल के मार्केटिंग राइट्स भारत में खरीदे गये थे। टीओई टेक की रिपोर्ट के अनुसार मिंत्रा ने ट्रेंडयाल पर लिस्टिड सभी तुर्कीश ब्रैंड्स की सेल अस्थाई तौर पर सस्पेंड कर दी है। रिलायंस ने तो तुर्की में स्थापित अपने सारे आफिस बंद कर दिये हैं। भारत सरकार ने तो बडा झटका देते हुए तुर्की की ग्राउण्ड हैंडलिंग सर्विस देने वाली कम्पनी सेलेबी एविएशन की सिक्योरिटी क्लीयरेंस को राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए रद्द कर दिया है। बौखलायी तुर्किये की कम्पनी ने भारत में मौजूद मीर जाफरों की फौज के सहयोग से भारत सरकार के इस फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है ताकि देश के लचीले संविधान की आड में सरकार के राष्ट्रवादी कदमों को रोक जा सके। चुनौती में उसने मानवीय भावनाओं की आड लेते हुए कहा कि सिक्यूरिटी क्लीयरेंस पर लिया गया फैसला बिना किसी तर्क के अस्पष्ट राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर लिया गया है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा के कारकों का स्पष्टीकरण नहीं है और न ही इस संबंध में पूर्व में कोई चेतावनी ही दी गई थी। इस फैसले से न केवल 3791 नौकरियों पर असर पडेगा बल्कि विदेशी निवेशकों का विश्वास भी डमगाएगा। इस चुनौती को आधार बनाकर एक बार फिर विपक्ष मुखरित हो उठा है। आधिकारिक आंकडे बताते हैं कि कच्चा पेट्रोलियम, सोना, विमान, ग्रेनाइट, संगमरमर, सेब आदि का आयात तथा एल्युमीनियम प्रोडक्ट्स, आटो कंपोनेंट, विमान, टेलीकाम इक्विपमेंट्स आदि का निर्यात तुर्किये के साथ किया जाता है। अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 के मध्य तुर्किये को भारत का कुल निर्यात 14.8 प्रतिशत घटकर 5.12 बिलियन डालर रहा जबकि आयात 17. 25 प्रतिशत बढकर 2.8 बिलियन डालर पहुंच गया था। गत शुक्रवार को सीएआईटी व्दारा आयोजित बिजनेस लीडर्स का एक राष्टीय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें देश भर के 125 से अधिक प्रमुख दिग्गजों ने भाग लिया था। उस सम्मेलन में तुर्किये और अजरबैजान के साथ यात्रा, पर्यटन, व्यापार, वाणिज्य, तकनीक आदि सभी क्षेत्रों के जडाव का बहिष्कार करने का संकल्प लिया गया। सरकारी संस्थाओं से लेकर निजी संगठनों तक ने 'आपरेशन सिंदूर' के दौरान आतंकी देश पाकिस्तान के सहयोगी राष्ट्र तुर्किये पर प्रहार पर प्रहार करने शुरू कर दिये हैं।

बेरोजगारों की फेक्टरी नहीं, रोजगार मूलक विश्वविद्यालय खोलने की आवश्यकता

संजीव ठाकुर

भारत में ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट बनाने कारखाने चल रहे हैं स्कूल महाविद्यालय और विश्वविद्यालय हर वर्ष लाखों ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट बेरोजगार बनाने के लिए डिग्रियां वितरित कर रही है,जबकि आवश्यकता मूल रूप से बुनियादी शिक्षा में व्यवसायीकरण की है, बुनियादी शिक्षा से ही ऐसे पाठ्यक्रम शामिल किए जाएं जो परिणाम मूलक हो और युवाओं को रोजगार देने हेतु सक्षम हो। स्कूल के सिलेबस में ही व्यावसायिक शिक्षा को महत्व दिया जाना चाहिए, जिससे आगे चलकर युवा अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करें बल्कि अपने कई साथी बेरोजगारों को रोजगार देने में पूरी तरह सक्षम बने। बुनियादी, नैतिक शिक्षा किसी भी व्यक्ति समाज और राष्ट्र के नैतिक तथा आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैद्य शिक्षित सुसंस्कृत नागरिक देश की एक बड़ी धरोहर होते हैं द्यजिस राष्ट्र में शिक्षा,संस्कृति जितनी गहरी और समृद्ध हो वह राष्ट्र उतना ही विकसित,पुष्पित, पल्लवित होता है। इसके साथ आर्थिक वैज्ञानिक सोच भी अत्यंत विचारणीय है।हर देश में राष्ट्र के प्रति और राष्ट्रहित के प्रति चिंतन करने वालों का समूह होना चाहिए,जो प्रजातांत्रिक, लोकतांत्रिक तथा राष्ट्रहित के विचारों और विकास के मूल मंत्र को नई ऊर्जा ताजा हवा और आगे बढ़ने की सच्चाई को इंगित कर सकेंद्य बिना संस्कृति ,संस्कार और वैचारिक क्षमता के कोई भी राष्ट्र वैश्विक स्तर पर अंतरराष्टीय प्रगति करने की सोच भी नहीं सकताद्य वैचारिक और सैद्धांतिक अंतरधारा, सिद्धांतों को कुचला या नष्ट नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत वैचारिक अभिव्यक्ति भारत के संदर्भ में गणतंत्र की मूल आत्मा है। विचार और सिद्धांत व्यक्ति की अंतःप्रज्ञा होती है। यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए तो अंतरात्मा को प्रभावित करती है। इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है, जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक मनीषियों के वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतः प्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर उत्पादित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति रहते थे, उनके विचारों में मौलिकता, नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी।

स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं।

विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है। ताकि सत्ता के दमन के समय वैचारिक अमरता स्थाई बनी रहे। चीन उत्तर कोरिया जैसे राष्ट्रों में विचारों के इस स्वतंत्र का प्रवाह को बाधित नियंत्रित कर दिया गया। अभिव्यक्ति के तमाम माध्यमों को प्रतिबंधित कर दमन चक्र चलाया गया। वहां विचार और सिद्धांत विद्वान व्यक्ति तक ही सीमित रहे उसका फैलाव या विस्तार नहीं हो पाया। जो मानव समाज तथा मानव अधिकारों की संवेदना तथा धाराओं का उल्लंघन भी है। किसी स्वस्थ स्वतंत्र राष्ट्र के लिए व्यक्ति समाज और राष्ट्र के विचारों की स्वतंत्रता नवीनता तथा उत्कृष्टता अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि विचारधारा और सिद्धांतों को रोक पाना किसी भी सत्ता या निरंकुश राजा के नियंत्रण में नहीं होता। विचारों और सिद्धांत अनादि काल से गतिशील है तथा अनंत तक जगत तक गतिशील रहेंगे,और उसका प्रतिपादक एवं अनुशीलन कर्ता विचारों के साथ अमर हो जाते हैं।

वर्ग पहेली 5737



संकेतः बाएं से दाएं

1. भारतीय जनसंघ के संस्थापक जो प्रमुख शिक्षाविद चिंतक थे (निधन 23 जनू 1953)(8)
6. प्रसिद्ध द्वादश-ज्योतिर्लिंगों में एक मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
7. धीरे-धीरे अपने स्थान से हटना, खिसकना, रेंगना (4)
11. दिनपति, भास्कर, सूर्य, दिनकर (2)
12. बिना पकी भोजन सामग्री (3)
13. सहयोग, मदद (4)
15. शोभा, कांति, छवि (2)
17. पुत्र सहित (3)
19. आमोद-प्रमोद के लिए बनाई गई संस्था (2)
21. दही या छाछ में साग या अन्य खाद्य पदार्थों के छोटे पदार्थों के बारीक टुकड़े मिलाकर बनाया गया खाद्य पदार्थ (3)
23. आराम, सुख, चैन, करार (3)

ऊपर से नीचे

1. ये मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के बेटे थे जो मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके थे (7)
2. क्रय-विक्रय की वस्तु, सुस्वादु भोजन (2)
3. विदेश जाकर रहना, परदेश जाना (3)
4. दरवाजा खटखटाने से होने वाली आवाज (3)
5. अपराध, कसूर, भूल (2)
8. अठारह पुराणों मे से एक जिसमें सनकादिक ने नारद को संबोधित करके कथा कही है (6)
10. तमगा, मैडल (3)
14. मध्यप्रदेश के अलिराजपुर जिले के तहसील जहां चंद्रशेखर आजाद की जन्म स्थली है (3)
18. तीन, तीसरा (2)
20. आहुति के रूप में दिया हुआ, पूर्व समर्पण किय हुआ (2)
22. राजा का मुकुट, छज्जा (2)

वर्ग पहेली 5736 का हल

स्वी	न	न		छा	या		
प	ल	क	झ	प	क	ते	
		ब	ल			ह	स्त
	रा	ज	ना		फ	रा	र
क	मा	नी		सौ	त	न	
र	ज		अ		ह		ह
	प्रे	र	क		ना	म	क
र	मी		रा		मा	म	ला

बराबरी की शर्त

(प्रणव प्रियदर्शी)

डेटिंग ऐप्स के दौर ने जहां शहरों की पढ़ी-लिखी और कामकाजी लड़कियों को मुक्त जिंदगी की एक झलक दिखलाई है, वहीं शादी, परिवार और रिश्तों को लेकर उनमें उभरते नए नजरिए को भी रेखांकित किया है। इन ऐप्स का दुरुपयोग और इनकी आड़ में बढ़ता अपराध भी एक अहम पहलू है। मगर फिलहाल अपराध को अलग कर दें तो भी समाज में इस वजह से प्यार, रोमांस और शादी की पारंपरिक अवधारणाओं में भारी बदलाव देखने को मिल रहे हैं। जहां व्यक्तिगत स्तर पर इससे धोखा, विश्वासघात से भरे और प्रतिबद्धता से रहित रिश्ते बनते हैं जो मन पर गहरे घाव छोड़ जाते हैं और जिनसे उबरना जिंदगी में आगे एक बड़ी चुनौती बनी रहती है, वहीं सामाजिक स्तर पर इससे शादी और परिवार जैसी संस्थाओं के भविष्य पर खतरा दिखने लगा है।

लेकिन बड़ा सवाल यह है कि डेटिंग ऐप्स के सहारे प्यार और रोमांस ढूंढने वाली आज की लड़कियां क्या वाकई शादी नहीं करना चाहतीं और सिंगल वुमन के रूप में जिंदगी गुजारना चाहती हैं? यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज में सोशियॉलजी की प्रफेसर पारुल भंडारी ने इस पर काफी काम किया है। इस बारे में उनकी एक किताब 'डिसेंट ऑफ लवः एंबिग्युटी, ऐफेक्ट एंड ट्रांसफॉर्मेशन इन साउथ एशिया' भी हाल में आई है।

उनका कहना है कि आम धारणा के विपरीत शादी की जल्दबाजी में नहीं दिखने वाली मिलेनियल्स (जिनका जन्म 1980 से 2000 के

बीच हुआ) लड़कियां शादी को लेकर उदासीन नहीं होतीं। वे, दरअसल अलग तरह का रिश्ता चाह रही होती हैं। वे अपने मां-बाप की शादीशुदा जिंदगी जैसा जीवन अपने लिए नहीं चाहतीं। ज्यादा बराबरी वाला, ज्यादा सम्मानपूर्ण रिश्ता सुनिश्चित करने की उनकी इच्छा या कहिए संकल्प ही उन्हें शादी के बंधन में पड़ने की जल्दबाजी से रोके रहता है। उनकी इस इच्छा के औचित्य पर, जाहिर है, कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता। अगर समाज उनकी यह इच्छा पूरी करने की स्थिति में नहीं है तो सवाल समाज पर जरूर उठते हैं।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

आज का राशिफल

मेष

आज भाग?य साथ दे रहा है और आप अपनी योग्यता और परिश्रम से कार्यस्थल पर सबका ध्यान आकर्षित करेंगे। वरिष्ठ अधिकारी आपके काम से प्रभावित होंगे, जिससे निकट भविष्य में पदोन्नति या प्रोत्साहन मिलने की संभावना है। यदि आप व्यापार में हैं, तो कोई बड़ा ग्राहक जुड़ सकता है जिससे भविष्य में निरंतर लाभ प्राप्त हो सकता है।

वृष

आज दिन भाग्य के द्वार खोलेगा। विशेषकर यदि आप उच्च शिक्षा, विदेश यात्रा या सरकारी क्षेत्र में कार्यरत हैं। कोई महत्वपूर्ण सूचना करियर की दिशा बदल सकती है। धन लाभ के योग हैं, परंतु चिकित्सा या परिजनों की देखरेख में खर्च की अधिकता भी बनी रहेगी। निवेशकों और वित्तीय सलाहकारों के लिए समय अच्छा है।

मिथुन

आज लाभ के योग हैं और आपको तरक्की के साथ कारोबार में सफलता प्राप्त होगी। शेयर बाजार में निवेश करने से बचें, वरना पैसा डूब सकता है। कार्यस्थल पर नियोजित योजनाओं में बाधा आ सकती है, विशेषकर यदि आप टीम प्रबंधन या रिसर्च कार्यों से जुड़े हैं।

कर्क

आज दिन लाभ से भरा होगा। साझेदारी के व्यापार या कंसल्टेंसी क्षेत्र में विशेष लाभ होगा। जो लोग अपने व्यवसाय को विस्तार देना चाहते हैं उन्हें साझेदारों से अच्छा सहयोग मिलेगा। कॉर्पोरेट क्षेत्र में कार्यरत जातकों को किसी बड़े प्रॉजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है।

सिंह

आज भाग्य का साथ मिल रहा है और आपके सभी कार्य आसानी से पूरे होंगे। किसी उच्च अधिकारी की कृपा या बड़े ग्राहक से लाभ की संभावना है। आपको कोई नई नौकरी या इंटरव्यू का सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। जो लोग व्यवसाय में हैं उन्हें निर्यात, धार्मिक वस्तुओं या कानूनी परामर्श से जुड़ी योजनाओं से लाभ होगा।

कन्या

आज करियर में तनाव और जिम्मेदारियां अधिक रहेंगी, विशेषकर यदि आप स्वास्थ्य, शिक्षा या सेवा क्षेत्र से जुड़े हैं। मानसिक थकावट और संतान से जुड़ी चिंता कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकती है, परन्तु दिन के उत्तरार्ध में आर्थिक लाभ की अच्छी संभावना बन रही है।

तुला

आज भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए आकस्मिक आर्थिक लाभ के संकेत मिल रहे हैं। आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी और आपको तरक्की हासिल होगी। सरकारी कर्मचारी अथवा प्रशासनिक क्षेत्र के लोगों को कोई पदोन्नति या पुरस्कार मिल सकता है।

वृश्चिक

आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको ऑफिस में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। इससे कार्यभार बढ़ सकता है, किन्तु उसके साथ आर्थिक लाभ भी सुनिश्चित रहेगा। संतान की बीमारी या शैक्षणिक विफलता से थोड़ी चिंता बनी रह सकती है।

धनु

आज करियर में सफलता मिलेगी और भाग्य आपका साथ देगा। ऑफिस में आपकी योग्यता और समर्पण की सराहना होगी, जिससे आपको कोई नई जिम्मेदारी या बोनस प्राप्त हो सकता है। व्यापार में प्रतिद्वंद्विता को पीछे छोड़ते हुए आप कोई बड़ा अनुबंध प्राप्त कर सकते हैं। आय के स्रोत बढ़ेंगे।

मकर

आज दिन मिलाजुला रहेगा और ऑफिस में सहकर्मियों या भाई-बहनों के साथ मतभेद हो सकते हैं, जो आपके कार्य में बाधा उत्पन्न करेंगे। फिर भी आपकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनी रहेगी, विशेषकर यदि आप किसी स्थायी आय स्रोत जैसे किराया, लाभांश या सरकारी सेवा से जुड़े हैं।

कुंभ

आज भाग्य साथ देर रहा है। कार्यक्षेत्र में आपके कार्य की सराहना होगी, जिससे आपको नई परियोजनाओं में भूमिका मिल सकती है। व्यवसाय में प्रतिदिन लाभ की स्थिति बनी रहेगी, परंतु साझेदारों या कर्मचारियों से मतभेद हो सकते हैं। तकनीकी, इलेक्ट्रॉनिक्स या डिजिटल सेवाओं से जुड़े लोगों को आर्थिक उन्नति का अवसर मिलेगा।

मीन

आज दिन सफलता से भरा होगा। धन लाभ के अच्छे योग हैं, विशेषकर यदि आप आयकर, बैंकिंग, बीमा या प्रशासनिक क्षेत्र से जुड़े हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए कार्यक्षमता के आधार पर पदोन्नति या वेतन वृद्धि संभव है। ऑफिस में आपके अधिकार और दायित्व बढ़ सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

महाराष्ट्र में नई कार लेना हुआ मुश्किल, राज्य सरकार ने बना दिया नया नियम

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में अब नई कार लेना और भी ज्यादा मुश्किल होने वाला है। राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने सोमवार को यह घोषणा की है कि जब तक खरीदार संबंधित नगर निकाय में पार्किंग स्थान का प्रमाण पत्र नहीं दे देता, तब तक उसके नाम पर नए वाहन का पंजीकरण नहीं किया जाएगा। यह निर्णय मुख्य रूप से मुंबई महानगर क्षेत्र में बढ़ते पार्किंग संकट से निपटने के लिए लिया गया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य की नई पार्किंग नीति पर हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद यह घोषणा की गई है। बैठक के बाद मंत्री सरनाईक ने कहा, हम पार्किंग स्थल बनाने पर विचार कर रहे हैं। विकास नियमों का पालन किया जाना चाहिए और डेवलपर्स को फ्लैटों के साथ पार्किंग की जगह भी देनी चाहिए। अब जो नए खरीदार होंगे उनके पास यदि नगर निकाय से पार्किंग आवंटन प्रमाण पत्र नहीं है, तो उनके नाम से नए वाहनों का पंजीकरण नहीं किया जाएगा। मुंबई महानगर क्षेत्र में पार्किंग की जगह की भारी कमी को स्वीकार करते हुए कहा कि शहरी विकास विभाग शहर के बड़े मनोरंजन स्थलों के नीचे पार्किंग प्लाजा के निर्माण की अनुमति देने पर काम कर रहा है। इसके अलावा सरनाईक ने पॉड टैक्सी नेटवर्क को लेकर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हम इस पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पॉड टैक्सी परियोजना पर एक डिजाइन मेरे सामने रखा गया था। मैंने वडोदरा का दौरा किया है, जो दुनिया की पहली पॉड-कार परियोजना की मेजबानी करने को तैयार है।

आगरा-ग्वालियर हाईवे पर 2 ट्रकों की टक्कर के बाद लगी आग, एक का ड्राइवर जिंदा जला

आगरा, एजेंसी। आगरा-ग्वालियर हाईवे पर दो ट्रकों की भिड़ंत के बाद लगी आग में एक ट्रक का ड्राइवर जिंदा जल गया। यह हादसा, आगरा के सैंया थाना क्षेत्र में हुआ है। एक ट्रक आगरा से धौलपुर की ओर जा रहा था। उसकी दूसरे ट्रक से टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ट्रक में आग लग गई। इस दौरान एक ट्रक में ड्राइवर अंदर ही फंसा रह गया। आग में जलकर उसकी मौत हो गई। ग्वालियर हाईवे पर हुए इस हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें और धुएं का गुबार देख आसपास से लोग दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। लोग, आग की भयावहता से हैरान थे। इसी बीच किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दूसरे ट्रक के ड्राइवर और एक क्लीनर को सैंया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पर इलाज के लिए पहुंचाया। यह हादसा, मंगलवार को भोर में करीब साढ़े 5 बजे के आसपास हुआ। जिस जगह पर ट्रकों की भिड़ंत हुई वो सैंया थाना क्षेत्र के बीरई गांव के पास है। मिली जानकारी के अनुसार आगरा की ओर से आ रहे ट्रक में परचून का सामान लदा था। जबकि दूसरे ट्रक में हार्डवेयर का सामान लोड था। हादसे के बाद ट्रक में आग लग गई और एक ट्रक के ड्राइवर को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला। वह आग की लपटों के बीच घिर गया। ट्रक के अंदर ही वह आग की चपेट में आ गया। ड्राइवर की ट्रक के अंदर जलकर दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परचून के सामान से लोड ट्रक से ड्राइवर और क्लीनिर को बाहर निकाला। उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जिस ट्रक पर हार्डवेयर लोड था उसका ड्राइवर अंदर ही फंसा रह गया। आग से जलकर उसकी मौत हो गई। आग बुझाए जाने के बाद पुलिस ने उसके शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

तुर्की के सेब से हिमाचल को घाटा,सीएम सुक्खू बोले-प्रतिबंध लगाने के लिए प्रधानमंत्री को लिखूंगा लेटर

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को कहा कि वे केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर तुर्की से सेब के आयात पर प्रतिबंध लगाने की मांग करेंगे। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि बागवानों ने हिमाचल प्रदेश को सेब उत्पादक राज्य बनाने के लिए बहुत मेहनत की और जब उनके उत्पाद को लाभकारी मूल्य नहीं मिलता है तो उत्पादक निराश महसूस करते हैं। सीएम सुक्खू ने कहा,पिछले कुछ समय से तुर्की और अमेरिका से आयातित सेब ने हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के सेब उत्पादकों को प्रभावित किया है। मैं केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री को तुर्की से सेब के आयात पर प्रतिबंध लगाने के लिए लिखूंगा। उन्होंने आगे कहा,24 मई को प्रधानमंत्री ने सभी मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई है और मैं व्यक्तिगत रूप से उनसे इस संबंध में बात करूंगा। हिमाचल प्रदेश में सेब उद्योग का अनुमानित मूल्य 4,500 करोड़ रुपये है। सुक्खू ने यह भी कहा कि जीएसटी और रियल एस्टेट जैसे सभी नियामक प्राधिकरणों के कार्यालयों को शहर को भीड़भाड़ से मुक्त करने के लिए शिमला से बाहर स्थानांतरित कर दिया जाएगा। हालांकि,सरकारी विभाग शहर में ही रहेंगे। सुक्खू ने कहा कि महिला कर्मचारियों को शिमला में रहने का विकल्प दिया जाएगा और नए कर्मचारियों को भी नियुक्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने धर्मशाला और मंडी में भारी लागत पर इमारतें बनाई थीं जो खाली पड़ी हैं और उनका उपयोग किया जाएगा। पर्यटकों का स्वागत करते हुए सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित राज्य है।

जज भी इंसान ही होते हैं और उनसे गलती हो जाना स्वाभाविक है: जस्टिस अभय एस ओका

नईदिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस अभय एस ओका ने कहा कि अदालत में फैसला करते समय भी गलती हो सकती है। उन्होंने कहा कि जज भी इंसान ही होते हैं और उनसे गलती हो जाना स्वाभाविक है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बॉम्बे हाई कोर्ट के जज रहते हुए उनसे भी गलती हुई थी। साल 2016 में घरेलू हिंसा के एक मामले में उनसे सही बात समझने में गलती हो गई। जस्टिस ओका ने कहा कि जजों के लिए लगातार सीखने का सिलसिला चलता रहता है।

जस्टिस ओका ने कहा कि यह मानते हुए कि सीआरपीसी की धारा 482 के तहत घरेलू हिंसा कानून की धारा 12 (1) के तहत दी गई याचिका को भी खारिज किया जा सकता है। हालांकि यह कानून कहता है कि कोई भी महिला भुगतान, मुआवजा या फिर अन्य राहत के लिए मजिस्ट्रेट का रुख कर सकती है। जस्टिस ओका और जस्टिस उज्जल भुयान की बेंच ने इस मामले में फैसला सुनाया था। वहीं जस्टिस ओका का विचार एकदम अलग था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हाई कोर्ट को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि घरेलू हिंसा के खिलाफ कानून महिलाओं को न्याय देने के लिए बनाया गया है। ऐसे में धारा 482 के तहत अगर अर्जी खारिज करने की बात आती है तो हाई कोर्ट को गहनता से विचार करना

चाहिए। जब तक यह नहीं स्पष्ट होता है कि केवल कानून का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है या फिर केस पूरी तरह से गलत है, इस तरह की याचिका को खारिज नहीं करना चाहिए।

बेंच की तरफ से फैसला लिखने वाले जस्टिस ओका ने कहा, इस फैसले के साथ यह बताना जरूरी है कि मैं 27 अक्टूबर 2016 को बॉम्बे हाई कोर्ट के एक फैसले में भी शामिल था जिसमें कहा गया था कि घरेलू हिंसा के कानून के सेक्शन 12 (1) के मामले में सीआरपीसी की धारा 482 के तहत मुकदमा खारिज करने का प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा, मेरी इस बात पर हाई कोर्ट की पूरी बेंच सहमत नहीं थी। ऐसे में हमारा कर्तव्य था कि हम अपनी गलती को सुधारें।

जस्टिस ओका ने कहा कि उन्हें अपना फैसला सुधारना पड़ गया। उन्होंने कहा कि यह कहना कि घरेलू हिंसा के मामले में धारा 482 के तहत मुकदमा खारिज करने का प्रावधान ही नहीं है, एक तरह से गलत था। ऐसे में यह लगता था कि मामला केवल सिविल नेचर का ही होगा। हालांकि परिस्थिति के अनुसार धारा 482 के तहत फैसला किया जा सकता था। यह विचार सुप्रीम कोर्ट की बात से भी अलग था। सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा था कि यह कानून महिलाओं को न्याय देने के लिए हैं। ऐसे में हाई कोर्ट का फैसला पूरी तरह से सही साबित नहीं होता था। इसमें सुधार किया गया।

नई तकनीक ने कानून के अध्ययन में ला दी क्रांति- जस्टिस ओका जस्टिस ओका ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में हजारों न्यायिक निर्णयों का देश की कई भाषाओं में अनुवाद किया गया है। टीएमसी लॉ कॉलेज की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा गया, पिछले 30 वर्षों से महाराष्ट्र में जिला अदालत तक में मराठी में काम किया जा रहा है। जस्टिस ओका ने कहा कि नयी प्रौद्योगिकी ने कानूनी अध्ययन में क्रांति ला दी है। उन्होंने कहा, आज उपलब्ध सुविधाओं के साथ, कानून का अध्ययन करना, शोध करना, इसका अर्थ समझना और कम समय में कई निर्णयों को समझना बहुत आसान हो गया है। छात्रों को इनका प्रभावी ढंग से उपयोग करना चाहिए।

भारत-पाक संघर्ष के दौरान नहीं दिखा परमाणु हमले का सिग्नल, विदेश सचिव ने खारिज किया ट्रंप का दावा

नईदिल्ली, एजेंसी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को संसदीय समिति को बताया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में खत्म हुआ संघर्ष पारंपरिक तरीके तक ही सीमित रहा और पड़ोसी देश की ओर से परमाणु हमले के कोई संकेत नहीं दिए गए थे। सूत्रों ने बताया है कि विक्रम मिस्री ने सरकार के इस रुख को भी दोहराया है कि सैन्य कार्रवाई रोकने का फैसला द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था। इसके साथ ही विक्रम मिस्री ने संघर्ष रोकने में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गए दावों को भी खारिज किया है। बता दें कि इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप कई बार यह कह चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता कर इस संघर्ष को खत्म करवाया। ट्रंप के यह दावा भी किया है कि अगर वह भारत-पाक के बीच समझौता नहीं करवाते तो यह संघर्ष परमाणु युद्ध में बदल सकता था। इसे लेकर संसदीय दल में मौजूद कुछ विपक्षी सांसदों ने सवाल भी उठाए। हालांकि भारत ने यह स्पष्ट किया है कि दोनों देशों के बीच हुई सीधी बातचीत के बाद ही सीजफायर पर निर्णय लिया गया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को संसदीय पैनल को ऑपरेशन सिंदूर पर जानकारी देते हुए दोहराया कि संघर्ष विराम पर पहुंचने का निर्णय द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था।

राउत को शरद पवार की नसीहत- आतंकवाद के खिलाफ केंद्र के अभियान में लोकल पॉलिटिक्स न घसीटें

पुणे, एजेंसी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद और नेता संजय राउत को एक तरह से आड़े हाथों लेते हुए उन्हें भारत के वैश्विक संपर्क प्रयासों में 'स्थानीय स्तर की राजनीति' नहीं लाने की सलाह दी है। पवार ने ऑपरेशन सिंदूर के सिलसिले में विदेश भेजे गए भारतीय सांसदों के राजनयिक प्रतिनिधिमंडल के बारे में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की टिप्पणी की आलोचना की है। दरअशल, संजय राउत ने एक दिन पहले विभिन्न देशों में प्रतिनिधिमंडल भेजने के केंद्र के कदम का बहिष्कार करने का आह्वान किया था। पवार ने याद दिलाया कि वह पूर्व प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव द्वारा भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र में भेजे गए प्रतिनिधिमंडल के सदस्य थे। पूर्व रक्षा मंत्री ने बारामती में संवाददाताओं से कहा, ''जब अंतरराष्ट्रीय मुद्दे सामने आते हैं तो पार्टी स्तर की राजनीति नहीं करनी चाहिए। उन्हें कुछ देशों में जाकर पहलगाम हमले पर भारत के रुख और उसके बाद पाकिस्तान की ओर से की गई गतिविधियों के बारे में जानकारी देने का काम सौंपा गया है।

संजय राउत ने बहिष्कार का किया था आह्वान : राउत ने रविवार को कहा था कि विपक्षी गुट 'इंडिया' के घटक दलों को विभिन्न देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के केंद्र सरकार के कदम का बहिष्कार करना चाहिए। राउत ने दावा किया कि वे सरकार के 'पापों और अपराधों' का बचाव करेंगे। पवार ने कहा कि राउत को अपनी राय रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा, ''लेकिन उनकी पार्टी (शिवसेना-उबाठा) का एक सदस्य प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा है। मुझे लगता है कि स्थानीय स्तर की राजनीति को इस मुद्दे में नहीं लाया जाना चाहिए।'' महाराष्ट्र में विपक्षी दल महा विकास आघाडी (एमवीए) में शिवसेना (उबाठा), कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल हैं। जिसमें उनके साथ शिवसेना की नेता प्रियंका चतुर्वेदी भी हैं। प्रस्तावित पुरंदर हवाई अड्डे के लिए कुछ किसानों द्वारा अपनी जमीन देने से इनकार किए जाने के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा कि वह क्षेत्र के स्थानीय प्रतिनिधियों की बैठक बुलाकर इस मुद्दे को सुलझाने का प्रयास करेंगे।

जजों पर मुकदमा चलाने के लिए पूर्व मंजूरी के फैसले पर विचार करने का समयः जगदीप धनखड़

नईदिल्ली, एजेंसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले पर पुनर्विचार करने का समय आ गया है, जिसमें कहा गया था कि शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पूर्व मंजूरी की आवश्यकता होगी। उन्होंने हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा से जुड़े नकदी बरामदगी मामले में प्राथमिकी दर्ज करने में देरी पर भी सवाल उठाया। धनखड़ ने मामले की जांच कर रही तीन न्यायाधीशों की आंतरिक समिति की ओर से गवाहों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त करने के कदम को भी गंभीर मुद्दा बताया। उन्होंने कहा, 'यह एक गंभीर मुद्दा है। ऐसा कैसे किया जा सकता है?' जगदीप धनखड़ ने मामले में वैज्ञानिक आपराधिक जांच की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश में हर कोई सोच रहा है कि क्या यह मामला दब जाएगा, क्या यह समय के साथ ठंडे बस्ते में चला जाएगा। एक पुस्तक के विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि के. वीरास्वामी फैसले पर पुनर्विचार करने का समय आ गया है। वर्ष 1991 का वीरास्वामी बनाम भारत संघ मामला सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिया गया अहम निर्णय है।

क्या 65 की उम्र तक पढ़ाएंगे कॉलेज शिक्षक? हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान उच्च न्यायालय ने कॉलेज शिक्षकों की रिटायरमेंट उम्र को 60 वर्ष से 65 वर्ष तक बढ़ाने वाली याचिका पर नोटिस कर सरकार से जवाब मांगा। याचिकाकर्ता अशोक कुमार अग्रवाल की तरफ से उनके अधिवक्ता अक्षय दत्त शर्मा व सुप्रिय ने पैरवी की। अधिवक्ता अक्षय दत्त शर्मा ने बताया कि याचिका पर राज्य सरकार, विधि व उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, कॉलेज शिक्षा आयुक्त और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के चेयरमैन को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अदालत ने पूछा है कि क्यों न प्रदेश के कॉलेज शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष कर दी जाए। यह आदेश हाईकोर्ट की खंडपीठ न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह और न्यायाधीश आनंद शर्मा ने सोमवार को दिया। प्रार्थीपक्ष की ओर से अधिवक्ताओं सुप्रिय और अक्षय दत्त शर्मा ने अदालत को बताया कि केंद्र सरकार और यूजीसी की ओर से कॉलेज शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष निर्धारित की गई है, जिसे देश के अनेक राज्यों ने अपनाया है। मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, बिहार समेत लगभग 20 राज्यों में कॉलेज शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष निर्धारित है। याचिकाकर्ताओं की ओर से यह भी बताया गया कि राजस्थान में केवल मेडिकल शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु ही 65 वर्ष की गई है, जबकि सामान्य कॉलेज शिक्षकों के लिए

यह अब भी 60 वर्ष है, जो समानता और संविधान के अनुच्छेद 14 व 16 का उल्लंघन है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि यह भेदभावपूर्ण व्यवस्था है और उच्च शिक्षा की गुणवत्ता पर भी विपरीत असर डालती है। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया कि राजस्थान में कॉलेज शिक्षकों की भारी कमी है। राज्य के नियमित सरकारी महाविद्यालयों, राजमेस के तहत संचालित कॉलेजों और कृषि महाविद्यालयों में शिक्षकों के अनेक पद लंबे समय से खाली हैं। ऐसे में अनुभवी और योग्य शिक्षकों को 60 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त करना शिक्षा व्यवस्था के लिए नुकसानदायक हो सकता है। प्रार्थीपक्ष ने मांग की है कि जब तक याचिका का अंतिम निस्तारण नहीं हो जाता, तब तक याचिकाकर्ताओं को 60 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त करने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए और उन्हें सेवा में बने रहने दिया जाए। हाईकोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए सभी संबंधित पक्षों से जवाब तलब किया है और अगली सुनवाई की तिथि नियत की जाएगी। यह मामला अब प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों की सेवाशर्तों को लेकर महत्वपूर्ण कानूनी पहलू खड़ा करता नजर आ रहा है।

प्रोफेसर अली खान पर महिला आयोग का दावा- उनके परिवार का सदस्य पाकिस्तान में करता है फंडिंग

नईदिल्ली, एजेंसी। अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी पर महिला आयोग ने नए दावे किए हैं। हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने कहा ने इनके परिवार के एक सदस्य पाकिस्तान की किसी पार्टी को फंडिंग करते हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत में भाटिया ने कहा, इंस्टाग्राम स्टोरी पर उन्होंने (प्रोफेसर खान) जो पोस्ट किया, उसका मायने निकालकर देखिए। क्या अंग्रेजी में लिखे हुए का हिंदी में मतलब बदल जाता है? क्या एक महिला का अपमान हिंदी में बोलने से अलग और इंग्लिश में बोलने से अलग हो जाता है? अगर किसी बेटी का अपमान हुआ है तो मैं ऐक्शन लूंगी। देश की बेटी का अपमान सहन नहीं किया जा सकता। मैं अपना दायित्व पूरी तरह से समझती हूं।

रेणु भाटिया ने कहा कि बॉर्डर से चंद किलोमीटर दूर बैठा यह व्यक्ति (प्रोफेसर खान) फ्रेम करने में लगा है। वो भी ऐसे समय जब ऑपरेशन सिंदूर चल रहा हो। हम सब यह देखने के लिए उत्सुक रहते

हैं कि शाम को कब विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी आएंगी और ये बताएंगी कि युद्ध में क्या हुआ। आप इन बेटियों के लिए ऐसा बोल रहे हैं। आप उनकी सारी पोस्ट देखिए तो पता चलेगा कि वह किस तरह के व्यक्ति हैं। वह पहले भी ऐसी बातें कर चुके हैं। उन्होंने कहा, मैंने पढ़ा कि इनके परिवार के एक सदस्य पाकिस्तान की किसी पार्टी को फंडिंग भी करते हैं। इससे इनकी सोच का पता चलता है। एक तरफ ऑपरेशन सिंदूर, एक तरफ फंडिंग और एक तरफ देश की बेटी के लिए ऐसा बोलना। इन सबको मिलाकर देखिए तो पता चलेगा।

यूनिवर्सिटी में चेकिंग को लेकर प्रदर्शन पर सवाल

हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष ने प्रोफेसर महमूदाबाद की ओर इशारा करते हुए कहा कि राजा बाबू आप अपने घर पर होंगे। हम नहीं मानते। किसी भी पार्टी के व्यक्ति या पुरुष को किसी महिला के बारे में हल्का बोलने की छूट नहीं है। जो भी कार्रवाई होगी, वो की जाएगी। मैंने अपने हरियाणा में यह किया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मैंने न्यूज में पढ़ा कि अशोका यूनिवर्सिटी में एक बार प्रोटेस्ट हुआ था और यह सिक्योरिटी को लेकर था। मैंने वाइस चांसलर और दूसरों से इस बारे पूछा तो पता चला कि उसमें भी अली खान शामिल थे। आखिर बच्चों ने चेकिंग के लिए प्रोटेस्ट क्यों किया? यूनिवर्सिटी में ऐसा क्या आता-जाता है कि बच्चे चेकिंग रोकना चाहते हैं? अगर ऐसा कुछ नहीं तो चेकिंग के खिलाफ प्रदर्शन क्यों किया गया? इसका जवाब दिया जाना चाहिए।

यूपी में फिर एनकाउंटर: गोंडा में ढेर हुआ 1 लाख का इनामी सोनू पासी, बुलेट प्रूफ जैकेट ने बचा ली एसएचओ की जान

लखनऊ, एजेंसी। यूपी में एक बार फिर एनकाउंटर हुआ है। गोंडा में पुलिस ने एक लाख के इनामी बदमाश सोनू पासी को मुठभेड़ में मार गिराया है। मिली जानकारी के अनुसार एनकाउंटर के दौरान बदमाश सोनू ने एसएचओ नरेंद्र राय पर गोली चला दी थी। बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से वह बाल-बाल बच गए। 24 अप्रैल की रात चोरी की एक घटना के दौरान एक व्यक्ति की हत्या के बाद एडीजी जोन ने सोनू पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। इस घटना में पुलिस ने सोनू के दो साथियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था लेकिन सोनू फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर उमरी बेगमगंज के सनौली मोहम्मदपुर इलाके में बदमाश की घेराबंदी की गई थी। पुलिस से आमना-सामना होने पर बदमाश ने फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में बदमाश मारा गया।

पुलिस के मुताबिक सोनू पर हत्या, लूट, डकैती और डकैती के दौरान हत्या जैसे 48 से अधिक मामले दर्ज थे। वह पिछले महीने गोंडा के डिक्सर गांव में एक युवक की हत्या के मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोमवार की आधी रात के बाद गोंडा के उमरी बेगमगंज के सनौली मोहम्मदपुर में घेराबंदी की थी। पुलिस के मुताबिक खुद को घिरता देख बदमाश

सोनू ने फायरिंग कर दी। इस दौरान एसएचओ नरेंद्र राय की बुलेट प्रूफ जैकेट पर भी एक गोली लगी। बुलेट प्रूफ जैकेट होने की वजह से उनकी जान बच गई। बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर की गई फायरिंग के बाद पुलिस टीम ने भी आत्मरक्षार्थ गोली चलाई। इसमें बदमाश को गोली लग गई और वह जमीन पर गिर गया। इसके बाद पुलिस उसे तत्काल अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बदमाश की पुलिस ने शिनाख्त कराई तो उसके सोनू पासी होने की पुष्टि हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सोनू 24 अप्रैल को चोरी की घटना के दौरान की गई एक व्यक्ति की हत्या के मामले में वांछित था। इस वारदात में उसके साथ रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया था। लेकिन सोनू लगातार फरार चल रहा था।

सुक्खू सरकार की बड़ी सौगात- 1000 पशु मित्रों की भर्ती समेत कई कर्मियों का मानदेय बढ़ा, गौवंश चारे का अनुदान भी बढ़ा

शिमला, एजेंसी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में सोमवार को राज्य सचिवालय में हुई हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में पशु मित्र नीति-2025 को मंजूरी देते हुए पशुपालन विभाग में 1,000 मल्टी-टास्क वर्कर (पशु मित्र) की भर्ती को हरी झंडी दी गई। मंत्रिमंडल ने शिक्षा विभाग में स्कूल लाइब्रेरी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 100 जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (लाइब्रेरी) के पद भरने की स्वीकृति दी गई है। वहीं राजस्व विभाग में भी 10 सीनियर असिस्टेंट और 15 जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (आईटी) के पद सृजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमीरपुर स्थित राज्य परिवहन अपीलीय अधिकरण में विभिन्न श्रेणियों के 5 पदों को भरने का निर्णय लिया गया है। साथ ही आयुष विभाग में 5 आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारियों की भर्ती बैच आधार पर करने का भी फैसला किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने गौसदनों में रखे गए गौवंश के लिए चारे की अनुदान राशि को 700 रुपये से बढ़ाकर 1200 रुपये प्रति मवेशी प्रति माह करने का निर्णय लिया है, जिससे गोसेवा से जुड़ी संस्थाओं को राहत मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत कर्मियों के लिए राहत भरी घोषणा करते हुए कैबिनेट ने ऑपरेशन थिएटर सहायकों का मानदेय 17,820 रुपये

से बढ़ाकर 25,000 रुपये और रेडियोग्राफर एवं एक्स-रे तकनीशियनों का मानदेय 13,100 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये करने की मंजूरी दी। प्रवक्ता के मुताबिक पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अहम पहल करते हुए मुख्यमंत्री ग्रीन एडॉप्शन योजना को मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत निजी उद्यमियों को सीएसआर फंडिंग के माध्यम से जर्जर वन भूमि पर पौधारोपण करने की अनुमति दी जाएगी, जिससे वन क्षेत्र में बढ़ोतरी हो सके। उन्होंने कहा कि शहरी विकास को संतुलित रखने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश टाउन एंड कंट्री प्लानिंग नियमावली 2014 में संशोधन किया गया है। अब शिमला नगर निगम क्षेत्र में घाटी की ओर बनने वाले भवन सड़क स्तर से कम से कम एक मीटर नीचे होंगे। माता तारा देवी मंदिर के आसपास के वन क्षेत्र को शिमला विकास योजना के हरित क्षेत्र में शामिल करने का भी निर्णय लिया गया है जिससे इस धार्मिक स्थल के आसपास का क्षेत्र पर्यावरणीय दृष्टि से संरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार के अधिक अवसर देने के लिए राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना-2023 के अंतर्गत ई-टैक्सियों की खरीद हेतु व्यापक दिशा-निर्देश तैयार किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग में डिज़ाइन विंग को सिविल विंग में विलय करने का निर्णय भी लिया गया है। इससे विभाग की कार्यप्रणाली और अधिक दक्ष एवं प्रभावी हो सके। इसके अलावा कुल्लू जिले के निरमंड विकास खंड में स्थित पशु औषधालय सराहन का नाम बदलकर बगा सराहन किया गया है।

IPL 2025 का 63वां मैच फाइनल से नहीं होगा कम

दिल्ली-मुंबई के बीच महामुकाबला आज

नई दिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग(आईपीएल) 2025 का 63वां मैच किसी फाइनल से कम नहीं होने वाला है। इस मैच का परिणाम तय करेगा कि कौन सी टीम प्लेऑफ की रेस में आगे जाएगी। दरअसल, आईपीएल 2025 में आरसीबी, गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स पहले ही प्लेऑफ की रेस पार कर चुकी हैं।

चौथी टीम कौन सी होगी, इसका फैसला अभी तक नहीं हो पाया है। चौथी टीम बनने के लिए बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच महामुकाबला होना है। इस मैच में अगर दिल्ली कैपिटल्स मुंबई को घर पर हरा देती है, तो उसकी उम्मीद प्लेऑफ में जाने की बरकरार रहेगी। लेकिन, अगर मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स पर जीत हासिल की, तो दिल्ली कैपिटल्स का प्लेऑफ में जाने का सपना टूट जाएगा। आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स ने 12 मैचों में 6 जीत के साथ 13 अंक अर्जित किए हैं। उसे प्लेऑफ में जाने के लिए बाकी दोनों मैचों में जीत हासिल करनी होगी। वहीं, मुंबई इंडियंस के पास 12 मैचों में 14 अंक हैं।

अगर मुंबई दिल्ली के सामने मैच हार भी जाती है, तो उसके पास 16 अंकों तक पहुंचने

के लिए एक और मौका होगा। लेकिन, दिल्ली को हर हाल में मुंबई के सामने जीत चाहिए होगी। दिल्ली जहां मुंबई के सामने हर हाल में जीत सुनिश्चित करना चाहेगी, वहीं मुंबई अपने बाकी दोनों मैचों को जीतकर अच्छे नेट रन रेट की मदद से टूर्नामेंट में खुद को टॉप-2 में खत्म करना चाहेगी।

आईपीएल में इस सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स प्लेऑफ में जाने वाली पहली तीन टीम बनी हैं। बता दें कि मुंबई इंडियंस के लिए पूर्व कप्तान रोहित शर्मा, कप्तान हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव पर मुंबई फैंस की नजर रहने वाली है। क्योंकि, इन तीनों खिलाड़ियों पर मुंबई इंडियंस की टीम काफी हद तक निर्भर रहती है।

सूर्यकुमार यादव का रिकॉर्ड भी वानखेड़े में काफी अच्छा है। वानखेड़े में एक हाई स्कोरिंग मैच की उम्मीद की जा रही है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल, कप्तान अक्षर पटेल और कुलदीप यादव के प्रदर्शन पर दिल्ली के फैंस की उम्मीदें होंगी।

पंत पर चोपड़ा का बड़ा बयान, टी20 टीम में जगह बनाने के लिए गंवा दिया महत्वपूर्ण अवसर

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि ऋषभ पंत को टी20 क्रिकेट में अपने दृष्टिकोण का पुनर्मूल्यांकन करने की आवश्यकता है क्योंकि उन्होंने आईपीएल के दुःस्वप्न सत्र में भारत के टी20 सेट-अप में जगह बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर गंवा दिया। भारत की टी20 टीम में नियमित रूप से शामिल नहीं होने वाले पंत से इस सत्र में अपनी छाप छोड़ने की उम्मीद थी। हालांकि लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ने 27 करोड़ रुपए की भारी भरकम कीमत में खरीदे जाने के बाद 12 मैचों में केवल 135 रन बनाए। एलएसजी सोमवार रात सनराइजर्स हैदराबाद से हार के बाद प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। चोपड़ा ने कहा, सफलता आपको कुछ चीजें सिखा सकती है। हालांकि असफलताएं वास्तव में आपकी मानसिकता को बदल देती हैं और अक्सर अच्छे के लिए। वह भारतीय टी20 टीम में नियमित नहीं है, इसलिए यह सीजन महत्वपूर्ण था। अपनी छाप छोड़ने और एक मजबूत इकाई बनाने का मौका। यह उस तरह नहीं हुआ। उनका खुद का फॉर्म असंगत रहा है, अपने आप में एक और सबक। पूर्व क्रिकेटर ने कहा, क्या वह टी20 में इसी दृष्टिकोण पर टिके रहते हैं या अनुकूलन करते हैं? जब आप खराब दौर से गुजरते हैं, तो ऐसा लगता है कि कुछ भी काम नहीं करता। रातें लंबी लगती हैं, दिन और भी लंबे। तब आप सीखते हैं और वापसी करते हैं। यह एक बुरा सपना रहा है। बुरे सपनों के बारे में अच्छी बात यह है कि आप अंततः जाग जाते हैं।

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने चोपड़ा के विचार को दोहराते हुए कहा कि पंत अनिश्चित दिखे और उन्हें फॉर्म हासिल करने के लिए अपने दृष्टिकोण पर फिर से विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा, एलएसजी उन पर निर्भर थी, खासकर मध्य क्रम में। मार्श को छोड़कर, कोई भी वास्तव में रन नहीं बना सका। पंत शुरू से ही अनिश्चित दिखे और इस सीजन में कभी भी वास्तव में नहीं चल पाए। यह खिलाड़ी के खराब फॉर्म का संकेत है।

दिग्वेश-अभिषेक पर गिरी गाज, एक पर बैन तो दूसरे पर भारी जुर्माना, चलते मैच में हाथापाई करने चले थे

नई दिल्ली, एजेंसी। लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पिनर दिग्वेश राठी और सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को सोमवार को आईपीएल 2025 के मैच के दौरान हुई तीखी नोकझोंक के लिए सजा मिली है। दोनों खिलाड़ियों के बीच नोकझोंक इस कदर बढ़ गई थी कि हाथापाई तक पहुंच गए थे। लेकिन साथी खिलाड़ी बीच बचाव में आ गए और स्थिति संभल गई। आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए दिग्वेश पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह इस सीजन में अनुच्छेद 2.5 के तहत रूल स्पिनर का तीसरा लेवल 1 अपराध था और इसलिए उनके दो डिमिट पॉइंट मिले जिसके परिणामस्वरूप उन पर एक मैच का बैन लग गया।

लखनऊ सुपर जायंट्स (रूल) के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर सोमवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। यह इस सीजन में अनुच्छेद 2.5 के तहत उनका तीसरा लेवल 1 अपराध था और इसलिए उन्हें दो डिमेरिट अंक मिले हैं, इसके अलावा उन्होंने पहले तीन डिमेरिट अंक जमा किए थे 01 अप्रैल 2025 को पंजाब किंग्स के खिलाफ एक डिमेरिट अंक और 04 अप्रैल 2025 को मुंबई इंडियंस के खिलाफ दो डिमेरिट अंक। चूंकि अब उनके पास इस सीजन में पांच डिमेरिट अंक हैं जिसके परिणामस्वरूप एक गेम का निलंबन बनता है, दिग्वेश अब रूल के 22 मई 2025 को अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए निलंबित रहेंगे। इस बीच, एसआरएच के बल्लेबाज पर मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट अंक दिया गया है, बयान में कहा गया, सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

गुजरात - दीव के घोघला ब्लू फ्लैग बीच पर बीच गेम्स 2025 का हुआ शुभारंभ

दीव, एजेंसी। केंद्र शासित प्रदेश दादर एवं नागर हवेली और दमन एवं दीव में दीव के खूबसूरत घोघला ब्ल्यू फ्लैग बीच पर सोमवार को राष्ट्रीय बीच गेम्स 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। इस आयोजन में देशभर से 1,000 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जो विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। समुद्र तट की प्राकृतिक सुंदरता और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच शुरू हुए इस समारोह में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और दीव-दमन के प्रशासक प्रफुल्ल पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। क

ई राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी इस अवसर पर मौजूद थे, जिन्होंने आयोजन को और गौरवशाली बनाया। इस बीच गेम्स में कबड्डी, रस्साकशी, बीच वॉलीबॉल, बीच फुटबॉल, बीच बॉक्सिंग सहित कई रोमांचक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य देश में बीच स्पोर्ट्स को बढ़ावा देना और युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित

करना है। मनसुख मांडविया ने कहा, बीच गेम्स न केवल खेलों को बढ़ावा देने का एक मंच है, बल्कि यह देश के तटीय क्षेत्रों की सुंदरता को भी दुनिया के सामने लाता है। दीव जैसे खूबसूरत स्थान पर इस तरह के आयोजन से पर्यटन और खेल दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

केंद्रीय खेल मंत्री ने आईएएनएस से बात करते हुए अरब सागर के तट पर दीव में आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 के शुभारंभ पर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में देश भर से 1,350 से अधिक एथलीट विभिन्न खेल विधाओं में भाग ले रहे हैं। यह दूसरा अवसर है जब खेलो इंडिया बीच गेम्स का आयोजन किया जा रहा है और दीव को इसके लिए एक आदर्श गंतव्य बताया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता के तहत दीव को भविष्य में भी बीच गेम्स के आयोजन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इसका उद्देश्य दीव को न केवल एक पर्यटन स्थल, बल्कि स्पोर्ट्स टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करना है। अगले छह दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में भाग लेने वाले सभी एथलीटों को शुभकामनाएं। यह नया भारत केवल सपने नहीं दिखाता, बल्कि उन सपनों को साकार करने का अवसर भी प्रदान करता है। खेलो इंडिया बीच गेम्स जैसे आयोजन देश के युवा एथलीटों को अपनी प्रतिभा को दिखाने, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और भारत का नाम रोशन करने का मंच प्रदान करते हैं।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर जोगिंदर शर्मा ने दीव में आयोजित खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 के दौरान युवाओं के उत्साह की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि युवाओं का यह जोश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जो युवाओं को कड़ी मेहनत के साथ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर देश का झंडा बुलंद करने के लिए प्रेरित करता है। हमारे युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का झंडा ऊंचा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

यूएई ने रिकॉर्ड 206 रन चेज करके बांग्लादेश को हराया

- **मोहम्मद वसीम ने 42 गेंदों पर 82 रन बनाए; सीरीज 1-1 की बराबरी पर**

यूएई, एजेंसी। यूएई ने बांग्लादेश के खिलाफ शारजाह में खेले गए टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में 2 विकेट से जीत हासिल की। इसके साथ ही तीन टी-20 मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी भी कर ली है। पहला टी-20 मैच बांग्लादेश ने 27 रन से जीता था। यूएई की यह बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 में पहली जीत है। इस जीत के लिए यूएई ने 206 रन का बड़ा टारगेट चेज किया। टी×20 में यह यूएई का सबसे बड़ा रनचेज है।

यूएई ने टॉस जीतकर चुनी थी गेंदबाजी यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम ने बांग्लादेश के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। बांग्लादेश ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 205 रन बना डाले। बांग्लादेश की शुरुआत काफी बेहतरीन रही। पहले विकेट के लिए ओपनर तजिंद हसन और लिटन दास के बीच 55 गेंदों पर 90 रन की साझेदारी हुई। साबिर खान ने तंजिद हसन को आउट का पार्टनरशिप तोड़ी। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा तंजिद हसन ने 33 गेंदों पर 59 रन बनाए। कैप्टन लिटन दास ने 32 गेदों पर 40 रन बनाए, जबकि तौहीद हृदोय ने 24 गेंदों पर 45 रन बनाए। वहीं यूएई के लिए सबसे ज्यादा 3 विकेट मुहम्मद जवाद उल्लाह ने लिए।

मोहम्मद वसीम ने यूएई के लिए बनाए 82 रन 205 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी यूएई को कप्तान मोहम्मद वसीम और मोहम्मद जोहब ने अच्छी शुरुआत दी। दोनों के बीच 63 गेंदों पर पहले विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी हुई। मोहम्मद जोहब ने 34 गेंदों पर 38 रन बना कर आउट हो गए।

आईपीएल: हर्षल पटेल ने बुमराह-मलिंगा को भी छोड़ा पीछे, 150 विकेट चटकाकर बनाया ये खास रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) का 61वां मैच आज सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ के बीच खेला गया. इस मैच में हैदराबाद ने लखनऊ को 6 विकेट से मात दी और लखनऊ की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को भी चकनाचूर कर दिया. इस मैच में एसआरएच के तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने आईपीएल इतिहास में सबसे तेज़ 150 विकेट लेने वाले गेंदबाज बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है.

उन्होंने इस उपलब्धि के साथ लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ दिया है. हर्षल पटेल ने यह उपलब्धि मैच के 16वें ओवर में हासिल की, जब उन्होंने एडन मार्करम को 61 (38 गेंदों) पर क्लीन बोल्ड किया. इस विकेट के साथ उन्होंने आईपीएल में 2381 गेंदों में 150 विकेट पूरे किए. उन्होंने लसिथ मलिंगा (2444 गेंदें) और युजवेंद्र चहल (2543 गेंदें) जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ते हुए रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया. हर्षल इस सीजन में अब तक 11 पारियों में 15 विकेट लेकर संयुक्त रूप से 5वें सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं. उनका औसत 24.26 है और उन्होंने दो बार चार विकेट लिए हैं.

150 आईपीएल विकेट सबसे कम गेंदों में

1. 2381 गेंदें - हर्षल पटेल
2. 2444 गेंदें - लसिथ मलिंगा
3. 2543 गेंदें - युजवेंद्र चहल
4. 2656 गेंदें - ड्वेन ब्रावो
5. 2832 गेंदें - जसप्रीत बुमराह

बता दें कि हर्षल पटेल दो बार पर्पल कैप जीत चुके हैं. 2021 में आरसीबी के लिए खेलते हुए 32 विकेट लिए और 2024 में पीबीकेएस के लिए उन्होंने 24 विकेट लिए थे.

उदयपुर डिविजन चेंबर ऑफ कॉमर्स का क्रिकेट महाकुंभ 24 मई से, 52 टीमों के बीच होगा मुकाबला

क्रिकेटर अजय जडेजा करेंगे शुभारंभ

उदयपुर, एजेंसी। चेंबर ऑफ़ कॉमर्स उदयपुर डिवीजन द्वारा पहली बार शहर में एक भव्य रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 24 मई से 31 मई 2024 तक फील्ड क्लब मैदान पर होगा, जिसमें उदयपुर के विभिन्न व्यापारिक एसोसिएशनों की 52 टीमें भाग लेंगी। इस ऐतिहासिक आयोजन का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अजय जाडेजा, चितौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी, लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ द्वारा किया जाएगा। चेंबर अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताया कि उदयपुर में पहली बार चैंबर में रजिस्टर विभिन्न व्यापारिक संगठनों की सामूहिक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सर्वसम्मति से संजय भंडारी को संयोजक नियुक्त किया है। सिंघवी ने बताया कि प्रतियोगिता 24 मई से प्रारंभ होकर 31 मई तक आयोजित की जाएगी। इस आयोजन के लिए गठित कोर कमेटी में पारस सिंघवी, राजमल जैन, हिम्मत बडाला, संजय भंडारी, अशोक काबरा, कैलाश सोनी, देवनारायण धायभाई, राकेश जैन, हरीश चावला, अजय पोरवाल, भंवरलाल सुहालका, बृजलाल सोनी, हिमांशु गुप्ता, जगदीश मेनारिया, नितिन सेठ मनोज जैन, जयेश चंपावत को सम्मिलित किया गया है। अजय जाडेजा, सी पी जोशी, राजपरिवार सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ करेंगे शुभारंभ। क्रिकेट प्रतियोगिता संयोजक संजय

भंडारी ने बताया कि प्रतियोगिता के शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर अजय जाडेजा, चितौड़गढ़ सांसद सी.पी. जोशी, लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ द्वारा किया जाएगा इस दौरान राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर सांसद मन्ना लाला रावत, उदयपुर ताराचंद जैन, ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़, कांग्रेस जिलाध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ भी उपस्थित रहेंगे। पूर्व क्रिकेटर अजय जाड़ेजा को चेंबर अध्यक्ष पारस सिंघवी द्वारा विशेष निमंत्रण भेजा गया जिसको स्वीकार कर उन्होंने इस महाकुंभ के शुभारंभ हेतु अपनी अनुमति प्रदान की है। अजय जाडेजा अपने समय के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रहे हैं।

आपसी संबंध स्थापित करेगा यह आयोजन।

प्रचार प्रसार मंत्री राकेश जैन ने बताया कि चेंबर से संबंधित व्यापार मंडल के सदस्य ही इसमें खेल पाएंगे, यह आयोजन शुद्ध रूप से व्यापारिक समारोह है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में दर्शक मैच का आनंद लेंगे। यह आयोजन उदयपुर में व्यापारिक संगठनों के बीच नए संबंध की इमारत स्थापित करेगा। उद्घाटन एवं समापन पर चेंबर पूरी कार्यकारिणी एवं उदयपुर का संपूर्ण व्यापार जगत की उपस्थिति रहेगी। अभी तक 52 व्यापार मंडलों की क्रिकेट टीमों की स्वीकृति सफल आ चुकी है।

नियमों की कठोरता से होंगी पालन

प्रतियोगिता सहसंयोजक कैलाश सोनी एवं अशोक काबरा ने बताया कि प्रतियोगिता को सफल एवं निर्विवाद बनाने के लिए सामूहिक रूप से नियम एवं शर्तें तय की गई है नियमों के विपरीत किसी भी प्रकार से कोई भी निर्णय नहीं लिया जाएगा एव सभी संगठनों को नियमों की पालना करनी होगी।

11 साल तक प्लेऑफ नहीं खेलने वाली पंजाब किंग्स के लिए वरदान बना कोच

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण महौल के बीच आस्ट्रेलिया के दिग्गज पूर्व कप्तान और पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पॉन्टिंग ने एक ऐसा फैसला लिया जिसको सुनकर सबको आश्चर्य होगा। जिस समय भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात हो गए थे उस समय सभी खिलाड़ी अपने देश जाने के लिए घबराए हुए थे इसी बीच रिकी रिकी पॉन्टिंग ने भी अपनी फ्लाइट में बैठ गए थे। तभी एक खबर आई कि सीज फायर हो गया है। इस खबर को सुनते ही उन्होंने आखिरी क्षणों में विमान से उतरने का फैसला किया। इस साहसिक कदम ने पॉन्टिंग न सिर्फ प्रतिबद्धता को दर्शाया, बल्कि पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों में भी नई जान फूंक दी।

पिछले कुछ दिनों में भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण कई विदेशी खिलाड़ी भारत छोड़कर अपने

देश लौट रहे थे। इस अनिश्चितता ने ढक्कके मौजूदा सीजन पर भी सवालिया निशान लगा दिए थे। कई टीमें अपने प्रमुख खिलाड़ियों के बिना अधूरी हो रही थीं और पंजाब किंग्स भी इस संकट से अछूती नहीं थी। लेकिन रिकी पॉन्टिंग ने अपने दम पर स्थिति को संभाला और अपने खिलाड़ियों को एकजुट रखने के लिए असाधारण नेतृत्व का परिचय दिया। पॉन्टिंग, जो दिल्ली में पंजाब किंग्स के साथ थे उन्होंने युद्धविराम की खबर सुनते ही अपने देश लौटने का विचार त्याग दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने तुरंत अपने खिलाड़ियों से संपर्क किया और उन्हें वापस भारत लौटने के लिए प्रेरित किया। उनके इस फैसले ने न केवल टीम का मनोबल बढ़ाया, बल्कि पंजाब किंग्स को एक बार फिर पूर्ण ताकत के साथ मैदान पर उतरने का मौका दिया।

नवजोत सिंह सिद्धू की भविष्यवाणी बताया

कौन जीतेगा आईपीएल 2025 का खिताब

नई दिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग सीजन 18 के प्लेऑफ के लिए 3 टीमें कन्फर्म हो चुकी है. इनमें गुजरात टाइटंस ही है, जिसने आईपीएल खिताब जीता हुआ है. जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स ने अभी तक खिताब नहीं जीता है.

चौथे स्पॉट के लिए दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच लड़ाई है. अब दिग्गज भविष्यवाणी करने लगे हैं कि इस बार आईपीएल कौन जीतेगा? भारत के पूर्व क्रिकेटर और वर्तमान में आईपीएल 2025 में कमेंटरी कर रहे नवजोत सिंह सिद्धू ने भविष्यवाणी करते हुए बताया है कि आईपीएल 2025 का टाइटल कौन जीतेगा. उन्होंने श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली पंजाब किंग्स की तारीफ़ करते हुए उन्हें खिताब का प्रबल दावेदार बताया. नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि श्रेयस अय्यर और रिकी पोंटिंग की इस टीम ने वो कर के दिखा दिया जिसकी किसी को उनसे उम्मीद नहीं थी. उनका मानना है कि इस टीम को कम आंका जा रहा था लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने कहा, टीम में वही प्लेयर्स हैं, प्रभसिमरन सिंह, अर्शदीप सिंह, नेहाल वढेरा. प्रियांश आर्य तो अभी लीग से आ रहा है.

प्रशासन की मनमानी, निजी जमीन को हड़पकर नगर पालिका को किया सुपुर्द

रिकॉर्ड अपडेट नहीं होने से अधिकांश निजी भूमि शासकीय दर्ज, पूर्व सीएमओ एवं सपाक्स जिला अध्यक्ष प्रमोद पाठक ने बताएं दस्तावेज

पन्ना। प्रदेश सरकार जहां एकओर प्रदेश में खुशहाली लाने के लिए प्रत्येक भूमि हीनव्यक्ति को जमीन का टुकड़ा देने की बात कर रही है वहीं दूसरी ओर पन्ना जिले में प्रशासन की मनमानी चल रही है तथा लोगों की निजी जमीन को जबरदस्ती अतिक्रमण के नाम पर हडप कर नगर पालिका जैसी संस्थाओं के हवाले कर रही है। इसी प्रकार के मामले के संबंध मेंपत्रकारों के समक्ष श्री पाठक नेबताया है कि 8 मई 2008 से डायमंड चौक स्थित आरजी क्र. 1779 भवन क्र. 454/1 वार्ड क्र. 12 डायमंड चौक के पास स्थित है।

जो रशीदा बेगम पति स्वर्गीय रशीद मोहम्मद हाजी बिल्डिंग से पंजीकृत विक्रय पत्र के द्वारा खरीदा गया, जिस पर उनके पूर्वजों का पेट्रोल पंप था लेकिन वर्तमान में बंद हो चुका था, तहसीलदार पन्ना द्वारा 11 जुलाई 2024 को अतिक्रमण बताते हुए कारण बताओ नोटिस भेजा गया जिसके संबंध में मेरे द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र, नगर पालिका का भवन प्रमाण पत्र, नजूल एनओसी, भवन निर्माण स्वीकृति, नगर पालिका द्वारा नामांतरण पत्र, संपति कर की रसीदें उपलब्ध कराई। उक्त भूमि पर 1945 से 2008 तक हाजी अली एवं उनके परिवार की होने के पश्चात 2008 से वर्तमान तक हम लोगों का 80 वर्ष से अधिपत्य रहा है। इतने वर्षों में शासन द्वारा किसी प्रकार की कोई चर्चा नहीं की गई लेकिन अचानक इस प्रकार नोटिस जारी कर भवन को ध्वस्त कर दिया गया और डायमंड चौक सौंदरीकरण के लिए जमीन को अपने अंडर में ले लिया गया। मामले के संबंध में हाईकोर्ट में रिट पिटीशन लगाए जाने के बाद प्राप्त न्यायालय के आदेश का भी प्रशासन के द्वारा पालन नहीं किया जा रहा है। श्री पाठक ने बताया कि पन्ना नगर में बंदोबस्त नहीं होने एवं रिकॉर्ड अपडेट नहीं होने से अधिकांश भवन एवं भूमि शासकीय रिकॉर्ड में मध्य प्रदेश शासन के नाम पर दर्ज हैं जिससे इस प्रकार की विसंगतियां निर्मित हो रही है और प्रशासन के द्वारा बिना सही तरीके से सुनवाई के मनमानी पूर्वक बेदखली कार्रवाई की जा रही है जो न्याय संगत नहीं है। इस प्रकार प्रमोद पाठक के द्वारा प्रशासन पर मनमानी पूर्वक कार्यवाही की जा रही है हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना एवं शासकीय दस्तावेजों को अनदेखा कर एकतरफा कार्रवाई करने के आरोप लगाए गए हैं।

अजयगढ़ में प्राचीन जलाशय की सफाई के लिए किया श्रमदान

पन्ना। जन अभियान परिषद के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले भर में संचालित प्राचीन जल स्त्रोतों के साफ-सफाई कार्यक्रम के आयोजन के क्रम में आज अजयगढ़ के खंदिया हनुमान मंदिर प्रांगण स्थित प्राचीन चोपरा जलाशय में श्रमदान के जरिए साफ-सफाई का कार्य किया गया। साथ ही जल संरक्षण पर ध्यान केन्द्रित कर जल सहेजने का संकल्प भी दिलाया गया। उपस्थितजनों को समय रहते जल संरक्षण के उपाय करने तथा पानी के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। परिषद के वालेंटियर ने कहा कि भावी पीढ़ी के सुरक्षित जीवन के लिए जल संरक्षण का कार्य जरूरी है। हर खेत और हर गांव में वर्षा जल के संचयन का सार्थक प्रयास करना चाहिए। खेती में सिंचाई के लिए स्प्रिंकलर और ड्रिप इरिगेशन पद्धति के उपयोग से भी पानी का अपव्यय रोका जा सकता है। इस अवसर पर नवांकुर संस्थाओं के परामर्शदाता छात्र और प्रस्फुटन समितियों के सदस्य भी उपस्थित रहे।

सभी विभाग जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों का करें निरंतर क्रियान्वयन: कलेक्टर

पन्ना। कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को साप्ताहिक टीएल बैठक में प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी सहभागी विभागों द्वारा निरंतर रूप से गतिविधियों का क्रियान्वयन कर अभियान को सफल बनाने के लिए कहा है। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई बैठक के अवसर पर जिला कलेक्टर द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से जनभागीदारी के कार्यों तथा नवाचार एवं तकनीक के जरिए रचनात्मक गतिविधियों को भी अभियान में बढ़ावा देने के लिए कहा। जल संरक्षण की दिशा में विभागीय गतिविधि के साथ 12 प्रकार के कार्यों में लक्ष्य अनुरूप प्रगति के साथ समय सीमा में कार्य पूर्णता के लिए भी निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि स्थानीय निकायों के अधिकारी श्रमदान जैसे कार्यक्रमों में विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय समूहों का चिन्हांकन कर इनकी भागीदारी भी सुनिश्चित कराएं। टीएल बैठक में आगामी 29 मई से 12 जून तक आयोजित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान की रूपरेखा पर चर्चा कर बेहतर खेती के लिए जनजागरण गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी 29 मई को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित पन्ना प्रवास के दृष्टिगत सामूहिक विवाह कार्यक्रम एवं विकास कार्यों के भूमिपूजन व लोकार्पण, हितलाभ वितरण, विभागीय प्रदर्शनी व स्टॉल के संबंध में समय पूर्व आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

जिला कलेक्टर ने डैशबोर्ड पर जिले की रैंकिंग में सुधार के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक पशुपालन, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण तथा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों को तीन दिवस में समन्वित प्रयास कर वांछित प्रगति के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा ई-ऑफिस क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर जिन विभागों द्वारा ई-मेल आईडी क्रिएशन एवं मैपिंग संबंधी कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है, वहां तत्काल फाइल मूवमेन्ट शुरू कराने के निर्देश भी दिए गए। अब तक 24 विभाग व शाखाओं द्वारा ई-ऑफिस के लिए अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन के चयनित विषयों के प्रकरणों का भी अविलंब प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए।

यातायात पुलिस द्वारा 66 वाहनो पर कार्यवाही कर 45000 रूपये जुर्माना वसूल किया गया

पन्ना। पुलिस मुख्यालय पीटीआरआई भोपाल द्वारा यातायात नियमो के विरूद्ध संचालित स्कूल बस / शिक्षण संस्थान एंव लोक पहिवहन के वाहनो के विरूद्ध दिनांक - 13.05.2025 से दिनांक 31.05.2025 तक 15 दिवसीय विशेष अभियान के तारतम्य में श्रीमान पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना सिंह चौहान व अनुविभागीय अधिकारी (पु0) श्री एस.पी.सिंह बघेल के दिशा निर्देशानुसार थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक श्रीमती नीलम लक्षकार,द्वारा अपनी टीम के साथ मिलकर विशेष अभियान अंतर्गत शहर के डायमण्ड चौराहा, सत्यम पैलेस, पन्ना छतरपुर वाईपास पर स्कूल बस / शिक्षण संस्थान एंव लोक पहिवहन के वाहनो के विरूद्ध विशेष चैकिंग की जाकर 66 बसें नियम विरूद्ध पाये जाने पर कार्यवाही करते हुए 45,000 /- रूपये जुर्माना बसूल किया गया एंव वाहन चैकिंग के दौरान नियमो का उल्लघंन करने वाले 12 वाहनो के विरूद्ध कार्यवाही कर 3100 रूपये जुर्माना बसूला गया ।

संबल योजना का लाभ मिलने पर कलेक्टर का जताया आभार

पन्ना। देवेन्द्रनगर तहसील के ग्राम रानीगंजपुरवा निवासी सोना कुमारी चौधरी ने परिवार को श्रम विभाग की संबल योजना का त्वरित लाभ मिलने पर कलेक्टर सुरेश कुमार के प्रति पत्र लिखकर आभार व्यक्त किया है। सोना कुमारी के पिता की गत 8 अप्रैल को आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। जिला कलेक्टर द्वारा जरूरतमंद परिवार की आर्थिक सहायता का मामला संज्ञान में आने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को प्रकरण तैयार कर तत्काल संबल योजना में लाभांवित करने के निर्देश दिए गए थे। विगत 2 मई को पीड़ित परिवार को संबल योजना में 2 लाख रूपए प्राप्त होने पर मृतक की पुत्री द्वारा 13 मई को जिला कलेक्टर के नाम से पत्र प्रेषित कर संवेदनशीलता के साथ योजना के तहत आर्थिक सहायता के लिए आभार जताया गया है।

नल जल योजनाओं का कार्य समय सीमा में पूर्ण कराएं: कमिश्नर

सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य बरसात के पूर्व प्राथमिकता से हो

पन्ना। कमिश्नर सागर संभाग डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सागर संभाग में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए बनाई जा रही नल जल योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। इस संबंध में आज सागर में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक में जल निगम और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में जल संसाधन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे।

कमिश्नर डॉ. रावत ने कहा कि हर घर जल योजना शासन की अति

महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिलना चाहिए। यह योजना काफी धीमी गति से चल रही है। इस योजना के कार्यों को तेजी से पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने सागर संभाग में ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था की जिलेवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में पेयजल की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल की सतत् व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की सतत् निगरानी होनी चाहिए। जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के माध्यम से पेयजल व्यवस्था की सतत् मॉनिटरिंग कराएं तथा लोगों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल मुहैया कराना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने सागर संभाग में लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत संभाग में बनाई जा रही सडकों की जिलेवार समीक्षा की तथा सडकों के निर्माण की अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की। कमिश्नर ने सडकों के निर्माण को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्माणाधीन सडकों का निर्माण वर्षा से पूर्व प्राथमिकता के साथ कराना सुनिचित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि जिन सड़कों के मरम्मत की आवश्यकता है, उन सडकों की मरम्मत वर्षाकाल प्रारंभ होने से पूर्व प्राथमिकता से कराएं। उन्होंने कहा कि जो निर्माण एजेंसियां सड़कों के निर्माण में उदासीनता बरत रही हैं। ऐसी निर्माण एजेंसियों को नोटिस दें तथा उन पर कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सागर संभाग में जिन परियोजनाओं में भू-अर्जन की आवश्यकता है। ऐसी परियोजाओं के भू-अर्जन के लिए अधिकारी समन्वय के साथ कार्य करें। भू-अर्जन कार्य में गतिरोध उत्पन्न होने पर संबंधित जिले के कलेक्टरों अथवा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भू-अर्जन प्रकरणों को संज्ञान में लाकर उनका निराकरण भी कराएं। बैठक में कमिश्नर ने सेतु निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, भू-जल सर्वेक्षण विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की।

छत्रसाल स्टेडियम में चल रहा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण

पन्ना। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में खेल प्रशिक्षण शिवर का आयोजन किया गया है उक्त खेल प्रशिक्षण मैं शामिल होने के लिए 1 मई से 9 मई तक पंजीयन किया गया तत्पश्चात 9 मई से लगातार खिलाड़ियों को खेल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है तथा उन्हें खेल के प्रति जागरूक किया जा रहा है जिला खेल अधिकारी एवं एस डी ओ पी पन्ना एसपी सिंह बघेल ने बताया कि सरकार का उद्देश्य बच्चों को खेल के प्रति जागरूक करना है क्योंकि खेलों से जहां एकओर एकता की भावना जागृत होती है वहीं दूसरी ओर खेलों से मनुष्य का शरीर स्वस्थ एवं तंदुरुस्त होता है खेल प्रशिक्षण सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे तक चलता है जिसमें अनेक खेलो का प्रशिक्षण खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा दिया जाता है बच्चों को बेहतर नाश्ता की सुविधा भी प्रतिदिन की जाती है इसके पूर्व उनका ज्ञान बर्धन करने के लिए बच्चों को प्रतिदिन एक वक्त। अलग-अलग विषय पर अपना बौद्धिक भी देते हैं आज दिनांक 19 मई को वरिष्ठ अधिवक्ता रजनीश जैन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा

कि हमारा देश संविधान के आधार पर चलता है इस प्रजातंत्र में देश का संचालन करने के लिए संविधान बनाया गया था जिसके अनुसार सभी को अलग-अलग दायित्व सौंप गए हैं और संविधान की सीमा में रहकर ही सभी लोग अपने अलग-अलग कार्य करते हैं उन्होंने कहा कि नियम के दायरे में रहकर हम सभी को अपना कार्य करना चाहिए इस अवसर परअनेक लोगों उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मंत्री तथा विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह जिला क्रिकेट संघ सिंह के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह परमार अमर बहादुर सिंह डॉक्टर कैलाश मोदी सुनील गुरु वरिष्ठ अधिवक्ता विनोद तिवारी पत्रकार मनीष मिश्रा सुरेश पांडे राकेश शर्मा मनीष शर्मा खेल विभाग से जुड़े अधिकारी कर्मचारी जिले के खेल प्रशिक्षक आदि।

अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे पर झूली

पन्ना। धरमपुर थाना अंतर्गत ग्राम रामपुर में एक 35 वर्षीय विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे में झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कमला साहू पति होते साहू उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी ग्राम रामपुर ग्राम पंचायत कल्याणपुर ने 18 मई 2025 को अपरांह लगभग 3 बजे घर के अंदर फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई, बताया गया है कि कमला और होते के तीन बच्चे थे एक 16 साल का लड़का, 12 साल की लड़की और 8 साल की लड़की है। इस घटना से सभी का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस के द्वारा पंचनामा उपरांत मृतिका का शव पोस्टमार्टम के लिए अजयगढ़ पीएम हाउस लाया गया है जहां आज 19 मई 2025 को पोस्टमार्टम होगा।

सलेहा क्षेत्र मे प्रतिबंध के बावजूद अवैध तरीके चल रहीं हैं बोरिंग मशीनें

पन्ना। पन्ना जिले के जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार ने दिनांक 23/3/25 को मध्यप्रदेश पेय जल परीक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 के तहत पन्ना जिले को सुखा ग्रस्त घोषित करके नए नलकूप के उत्खनन पर रोक लगाई थी जो आदेश के तहत 20 जुलाई तक मान्य रहेगा के बावजूद पन्ना जिले के सलेहा क्षेत्र में नए नलकूप धड़ल्ले से किए जा रहे हैं , बोरिंग मशीन संचालक और दलालों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें जिला कलेक्टर के आदेश को भी कचरे के डब्बे मे डाल दिया है। दिन एवं रात के सलेहा क्षेत्र के कई गांव मे नल कूप उत्खनन करके भूगर्भिक जल का दोहन किया जा रहा है। बोरिंग मशीन संचालक और दलाल मन मर्जी मुताबिक बोरिंग करवाने का सौदा करके प्रशासन के नाक के नीचे मौटी रकम वसूल रहे हैं। भोले भाले ग्रामीणों को अपना रौब दिखाकर पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन को अपना हकदार बताकर एक फिट के 100 से 150 रुपए तक वसूले जा रहे हैं जिन्हें न पुलिस का खौफ हैं न जिला प्रशासन का। बोरिंग मशीन संचालक प्रशासन को अपने हाथ की कठपुतली समझते हैं। अब देखना ये हैं इस खबर का जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पर क्या प्रभाव पड़ता है अवैध बोरिंग मशीनों के संचालकों पर कार्यवाही होती है या फिर जिला प्रशासन के आदेश को दरकिनार करके भूगर्भिक जल का दोहन जारी रहता है।

जिले के विभिन्न स्थानों पर हुआ सिविल डिफेंस वालेंटियर्स का प्रशिक्षण

पन्ना

शासन के निर्देशानुसार किसी आकस्मिक अथवा संभावित घटना की परिस्थिति में नागरिकों की जीवन रक्षा के लिए सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को पुलिस, होमगार्ड एवं स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों की टीम द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस क्रम में आज अजयगढ़ में ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र के वालेंटियर्स को एसडीएम आलोक मार्को, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, जिला सेनानी होमगार्ड, थाना प्रभारी, जनपद पंचायत सीईओ एवं विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा नागरिक सुरक्षा के संबंध में जारी नियमों व निर्देशों की जानकारी प्रदान कर व्यवहारिक रूप से विभिन्न सुरक्षा उपायों की बारीकियां समझाई गईं। साथ ही अलग-अलग जीवन रक्षा उपकरणों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया।

पवई विकासखण्ड मुख्यालय में भी वालंटियर्स को प्रशिक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालय पन्ना में भी एसडीईआरएफ की टीम द्वारा मॉकड्रिल का अभ्यास कराया गया और किसी आपदा पर राहत बचाव कार्य की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने के साथ वास्तविक परिदृश्य की भांति हवाई हमले की स्थिति में सायरन बजने और ब्लैकआउट की जानकारी दी गई। होमगार्ड एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम द्वारा भी संभावित घटना के परिप्रेक्ष्य में नागरिकों को सुरक्षित स्थल पर आश्रय गृह में भेजने तथा वालंटियर्स टीम की भूमिका की जानकारी दी गई।

गुनौर विधायक ने मुख्यमंत्री से भेंट कर की सिंचाई योजना की स्वीकृति की मांग

पन्ना। गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए गुनौर माइक्रो उद्ववहन सिंचाई योजना के स्वीकृति की मांग रखी। विधायक डॉ. वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि बरगी बांध के पानी से देवेन्द्रनगर एवं गुनौर तहसील के ग्रामों को लाभांवित करने के लिए नर्मदा घाटी विकास विभाग के कार्यपालन यंत्री द्वारा गुनौर माइक्रो उद्ववहन सिंचाई योजना का विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर मुख्य अभियंता अपर नर्मदा जोन बरगी हिल्स जबलपुर को प्रेषित किया गया है। सतना जिले की नागौद तहसील को बरगी डैम का पानी उपलब्ध कराने की कार्ययोजना पूर्व से प्रस्तावित एवं प्रगतिरत है। सिंचाई योजना की स्वीकृति से पन्ना जिले की गुनौर एवं देवेन्द्रनगर तहसील के क्रमश: 52 एवं 22 ग्रामों को भी लाभ मिल सकेगा। इससे 22 हजार 600 हेक्टेयर से अधिक निजी भूमि सिंचित हो सकेगी।

खुले नाले, बदबू और कचरा, सतना के भैंसाखाना की हालत बुरी, बना जानलेवा, व्यापारी-राहगीर परेशान

सतना

सतना के नेहरू बाजार स्थित भैंसाखाना इलाका इन दिनों भारी गंदगी और खुले नाले की समस्या से जूझ रहा है. इससे निकलने वाली तीव्र दुर्गंध न सिर्फ व्यापारियों के लिए मुश्किलें खड़ी कर रही है, बल्कि राहगीरों के लिए भी बड़ी परेशानी का कारण बन रही है. आसपास की वाइन शॉप और मीट दुकानों में आने वाले ग्राहक अक्सर रात के अंधेरे में इस खुले नाले में गिर जाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं।

थोड़ी ही दूरी पर स्थित लखन चौक से बाजाराहा टोला की ओर जाने वाले मार्ग पर बना विशाल नाला भी सफाई के अभाव में खतरा बन चुका है. नगर निगम ने सफाई का काम शुरू तो किया, लेकिन बीच में ही बिना किसी स्पष्ट कारण के रोक दिया. नाले के किनारे कचरे का ढेर जमा है, जहरीले फोम निकल रहे हैं और नाले में पत्ते-पौधे उग आए हैं. बदबू इतनी तीव्र है कि आसपास का पूरा इलाका इससे प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में 70त्न आबादी मजदूर वर्ग की है, इसलिए प्रशासन की नजर यहां बहुत कम जाती है. स्थानीय निवासी मनोज गुप्ता ने बताया कि खुले नाले में कई बार बाइक गिर चुकी हैं, जिससे हादसे आम हो गए हैं. उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन को तभी होश आता है जब कोई बड़ा हादसा हो जाता है।

नाले से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे बीमारियों का खतरा बना हुआ है. स्थानीय लोगों ने लोकल 18 के माध्यम से नगर निगम से आग्रह किया है कि मुख्य सड़क से सटे नाले में सुरक्षा के लिए रेलिंग लगाई जाए और समय-समय पर उसकी साफ-सफाई और मरम्मत की जाए ताकि आमजन सुरक्षित और स्वस्थ रह सकें।

प्रयागराज में सुशील वैभव को मिला गुफ्तगू अवार्ड

पन्ना। 18 मई को प्रयागराज के आर्य कन्या डिग्री कॉलेज के सभागार में संस्था द्वारा साहित्य महोत्सव कवि सम्मेलन में पूरे देश से एकत्रित हुए कभी साहित्यकारों के मध्य पन्ना के सुप्रसिद्ध कवि साहित्यकार व्यंगकार सुशील खरे वैभव को गुफ्तगू अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुंबई के सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राजेंद्र गोपाल गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश क्षितिज शैलेंद्र एवं विशेष अतिथि न्यायाधीश अशोक कुमार गुप्ता रहे। जिन्होंने पन्ना के कवि व्यंग्यकार सुशील खरे वैभव की काव्यधर्मिता की सराहना करते हुए शाल श्रीफल सम्मान पत्र स्मृति चिन्ह के साथ गुफ्तगू अवार्ड से सम्मानित करते हुए श्री वैभव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। संस्था अध्यक्ष इम्तियाज अहमद गाजी, उपाध्यक्ष सरदार मनमोहन सिंह तन्हा, श्रीमती मीना मोहन श्रीवास्तव ने भी श्री वैभव को बधाई दी सम्मानित होकर पन्ना आने पर सुशील वैभव को पंडित उमादेव उपाध्याय, डॉ प्रमोद श्रीवास्तव, श्रीमती शारदा पाठक, एस कुमार चनपुरिया, श्रीमती मंजू लता खरे, कृष्ण नारायण खरे, मनीष मिश्रा, संजय बड़ेरिया, राकेश शर्मा ने वैभव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, बुधवार 21 मई 2025 | 8

कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित जन सुनवाई में कमिश्नर बीएस जामोद ने आमजनता के आवेदन पत्रों में सुनवाई की। उसी अवसर का दृष्य।

जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाए

पेंशन प्रकरण सात दिवस में दर्ज नहीं हुए तो होगी कार्यवाही : कमिश्नर

रीवा। कमिश्नर बीएस जामोद ने कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित संभागीय बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी जल गंगा संवर्धन अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। पृथ्वी में यदि उपयोग के लिए स्वच्छ पानी नहीं होगा तो मानव ही नहीं समस्त जीव-जंतुओं और वनस्पतियों का जीवन भी नहीं रह पाएगा। बारिश के पानी को हर व्यक्ति संचित करने और धरा को वापस करने का प्रयास करे। पानी को व्यर्थ में न बहाएं। जल गंगा संवर्धन अभियान हर व्यक्ति का अभियान है। पानी की आवश्यकता हर व्यक्ति को होती है। अभियान में भागीदारी निभाने के लिए संभागीय अधिकारियों के 6 दल बनाए गए हैं। सभी अधिकारी संभाग के जिलों का भ्रमण करके जल गंगा संवर्धन अभियान में पूरा सहयोग दें।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि जनवरी से अप्रैल माह तक के लंबित पेंशन प्रकरण लगभग निराकृत हो गए हैं। अभी भी दिसम्बर माह तक सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के संभाग में 53 प्रकरण लंबित हैं। सभी अधिकारी सात दिवस में 30 अप्रैल तक सेवानिवृत्त तथा मई माह में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण सात दिवस में अनिवार्य रूप से पेंशन कार्यालय में दर्ज करा दें। प्रकरणों के लंबित रहने पर संबंधित संभागीय और जिला अधिकारी दोनों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी जन कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विभागीय कार्य करें। गोविंदगढ़ से भैंसरहा तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य सड़क विकास निगम द्वारा किया जा रहा है। सड़क निर्माण से प्रभावित सभी हैण्डपंप हटाकर उनके स्थान पर तत्काल नए हैण्डपंप लगाने की व्यवस्था करें। पीएचई और एमपीआरडीसी के अधिकारी समन्वय बनाकर हैण्डपंप लगाने की कार्यवाही सात दिवस में सुनिश्चित करें।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि संभाग में आदर्श मण्डियों के विकास के लिए 218 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। उप संचालक मण्डी हर सप्ताह आवंटित राशि के उपयोग और निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत करें। कृषि तथा उससे जुड़े विभागों की प्रशिक्षण बैठक संभाग के पाँच जिलों में आयोजित की जा चुकी है। सिंगरौली में 28 मई को बैठक आयोजित की जाएगी। इस प्रशिक्षण के बाद मैदानी स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी समन्वय से प्रयास करके विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति कराएं। आगामी 18 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय द्वारा संभाग में कृषि के विकास की समीक्षा की जाएगी। इससे जुड़े विभागों के अधिकारी निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं में कार्यवाही सुनिश्चित करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन तथा अन्य विभागों के श्रेष्ठ कार्य भी बैठक में प्रस्तुत करें।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना के हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेशन की अवधि शासन द्वारा 31 मई तक बढ़ा दी गई है। अभी संभाग में 81 प्रतिशत हितग्राहियों का ई केवाईसी किया जा चुका है। शेष हितग्राहियों का ई केवाईसी करने तथा स्थाई रूप से पलायन एवं मृत हितग्राहियों के नाम पोर्टल से पृथक करने के नाम 25 मई तक अनिवार्य रूप से पूरी कर लें। उपायुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग छात्रावास भवनों की साफ-सफाई और सुधार का कार्य करा लें। छात्रावास की शत-प्रतिशत सीट में विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करें।

चिकित्सा अधोसंरचना को मजबूती तथा आमजनों को मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं : उप मुख्यमंत्री

संजय गांधी चिकित्सालय के उन्नयन के लिए 321.94 करोड़ रुपए की मंजूरी

रीवा। इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश भर में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रिपरिषद के निर्णयों की प्रशंसा करते हुए कहा है कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने एवं चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के नेतृत्व में आज मंत्रिपरिषद द्वारा कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्णयों से न केवल चिकित्सा अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी, बल्कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्राप्त होंगी।

मंत्रिपरिषद की बैठक में चिकित्सा अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण के लिए अहम निर्णय

मंत्रिपरिषद ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा से संबद्ध संजय गांधी चिकित्सालय के व्यापक उन्नयन के लिए 321.94 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। इस योजना में नवीन ओ.पी.डी. भवन, मेटरनिटी ब्लॉक, नर्सिंग कॉलेज एवं हॉस्टल, मल्टी लेवल पार्किंग, 171 आवास, अत्याधुनिक किचन, डोरमेट्री, न्यूक्लियर मेडिसिन ब्लॉक तथा कैंसर इकाई हेतु बंकर जैसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य शामिल हैं। इससे विंध्य क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी एवं रीवा मेडिकल कॉलेज की कार्यक्षमता कई गुना बढ़ेगी। गंभीर रोगों के उपचार के लिए सुविधाएं बेहतर होंगी।

कैबिनेट की बैठक में इंदौर जिले के गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय परिसर में कुल 773.07 करोड़ रुपए की लागत से 1450 बिस्तरीय नवीन शिक्षण चिकित्सालय भवन, 550 बिस्तरीय नर्सिंग हॉस्टल, 250 सीटर मिनी ऑडिटोरियम तथा बाह्य विकास कार्यों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह परियोजना इंदौर एवं आसपास के क्षेत्रों के लाखों नागरिकों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएगी एवं मेडिकल एजुकेशन की संरचना को आधुनिक बनाएगी।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं को जनकल्याण की सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'सशक्त भारत - स्वस्थ भारत' के संकल्प को साकार करने हेतु मध्यप्रदेश सरकार तेजी से कार्य कर रही है। यह निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. यादव की संवेदनशीलता, दूरदर्शिता और स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण है।

वनाधिकार अधिनियम की कार्यशाला 23 मई को

रीवा। वनाधिकार अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन के संबंध में संभागीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला 23 मई को आयोजित की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि कार्यशाला सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक विन्ध्या रिट्रीट होटल में आयोजित की जा रही है। इसमें रीवा तथा मऊगंज के कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वन मण्डलाधिकारी एवं जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग शामिल रहेंगे।

ई केवाईसी में लापरवाही बरतने पर सेल्समैन तथा दुकान निलंबित

रीवा। खाद्य सुरक्षा योजना के सभी हितग्राहियों की ई केवाईसी अपडेशन का कार्य किया जा रहा है। ई केवाईसी अपडेशन में लापरवाही बरतने पर उचित मूल्य दुकान के सेल्समैन और दुकान को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए गए हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि त्योंथर तहसील में उचित मूल्य दुकान कोनियाखुर्द के सेल्समैन गजेन्द्र सिंह को ई केवाईसी न करने पर कारण बताओ नोटिस दिया गया था। इसके बावजूद ई केवाईसी में लापरवाही बरतने पर एसडीएम त्योंथर संजय जैन ने सेल्समैन गजेन्द्र सिंह को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। उचित मूल्य दुकान कोनियाखुर्द को आवश्यक खाद्यान्न वितरण के लिए उचित मूल्य दुकान कोटराखुर्द से संबद्ध कर दिया गया है। इसी तरह सिरमौर विकासखण्ड में स्वसहायता समूह द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान बंदराव तिवरियान में भी ई केवाईसी करने में लापरवाही बरतने पर एसडीएम द्वारा नोटिस दिया गया नोटिस का उत्तर न देने तथा ई केवाईसी कार्य में प्रगति न होने पर एसडीएम सिरमौर आरके सिन्हा ने उचित मूल्य दुकान बदराव तिवरियान को निलंबित करने तथा इसे सेवा सहकारी समिति बदराव से संबद्ध करने के आदेश दिए हैं।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा आज आएंगे रीवा

रीवा। उप मुख्यमंत्री एवं वित्त, वाणिज्य कर, योजना तथा सांख्यिकी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा 21 मई को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। श्री देवड़ा 21 मई को सुबह 8.30 बजे भोपाल से फ्लाई बिग हवाई सेवा से प्रस्थान कर सुबह 10.20 बजे रीवा पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा रीवा में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेकर दोपहर 3.20 बजे फ्लाई बिग हवाई सेवा से प्रस्थान कर शाम 5.20 बजे भोपाल पहुंचेंगे।

जल गंगा संवर्धन अभियान की निगरानी के लिए 6 दल तैनात

रीवा। संभाग के सभी जिलों में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सभी जिलों में नदियों के उद्गम स्थल की साफ-सफाई, जल स्त्रोतों की सफाई, जल संरक्षण संरचनाओं में सुधार तथा नई जल संरचनाओं के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। कमिश्नर बीएस जामोद ने जल संरक्षण कार्यों की निगरानी के लिए संभागीय अधिकारियों के 6 दल तैनात किए हैं। सभी दल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिलों का भ्रमण करके जल संरक्षण कार्यों की निगरानी करेंगे। जिलों में जल संरक्षण के प्रयासों को गति देंगे। कमिश्नर ने अधिकारियों को हर सप्ताह निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि दल के अधिकारी जल संरक्षण के कार्यों के साथ-साथ शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं और विभागीय कार्यों का भी निरीक्षण कर प्रतिवेदन दें।

जारी आदेश के अनुसार दल क्रमांक एक में संयुक्त संचालक कृषि, अधीक्षण यंत्री पीएचई, संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन तथा क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य को शामिल किया गया है। दल क्रमांक दो में मुख्य अभियंता जल संसाधन, संयुक्त संचालक मण्डी बोर्ड, संयुक्त संचालक उद्यानिकी, उप संचालक मछली पालन तथा संयुक्त आयुक्त सहकारिता को शामिल किया गया है। दल क्रमांक तीन में मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, संयुक्त संचालक पशुपालन, संयुक्त संचालक उद्योग, खाद्य नियंत्रक, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी तथा संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद को शामिल किया गया है। दल क्रमांक चार में अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग, उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग, संभागीय प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम तथा मैनेजर डेयरी को शामिल किया गया है। दल क्रमांक पाँच में मुख्य अभियंता विद्युत मण्डल, कार्यपालन यंत्री एनएचआई, अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, मुख्य महाप्रबंधक ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण तथा संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास को शामिल किया गया है। दल क्रमांक 6 में संभागीय प्रबंधक सड़क विकास निगम, संभागीय आयुष अधिकारी, संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय, कार्यपालन यंत्री सेतु निगम तथा उपायुक्त आबकारी को शामिल किया गया है। रिजर्व दल में संयुक्त आयुक्त कमिश्नर कार्यालय, मुख्य अभियंता पीआईयू, क्षेत्रीय प्रबंधक मार्कफेड, संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा तथा क्षेत्रीय खनिज अधिकारी को शामिल किया गया है।

विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक

रीवा। भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा खेती को उन्नत और लाभकारी बनाने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया है कि अभियान के तहत संभाग के सभी जिलों में अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों के तीन-तीन दल क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। किसानों तथा आमजनता से संवाद करके कृषि के विकास के संबंध में सुझाव लिए जाएंगे। साथ ही किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह भी दी जाएगी। अभियान के दौरान खेती की उन्नत तकनीक फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण तथा कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग के संबंध में किसानों को जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान किसानों को धान की सीधी बुआई, सोयाबीन फसल को रिजफेरो प्रणाली से लगाने तथा खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में किसानों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिले में भ्रमण करने वाले दल में कृषि विज्ञान केन्द्र तथा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक, राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली से जुड़े अधिकारी, प्रगतिशील किसान तथा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।

कमिश्नर ने कहा है कि सभी कलेक्टर अभियान की तैयारी बैठक आयोजित करके अभियान की रूपरेखा तैयार कर लें। प्रत्येक जिले में शासन के निर्देशों के अनुरूप तीन-तीन दल गठित कर दें। इन दलों के जिले भर में भ्रमण का कार्यक्रम तैयार करके प्रतिदिन दो से तीन ग्राम पंचायतों में अभियान का क्रियान्वयन कराएं। अभियान के दौरान कृषि तथा उससे जुड़े विभागों की सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी एवं उससे लाभ लेने की प्रक्रिया से किसानों को अवगत कराएं। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का उपयोग करके मिट्टी की जाँच कराने एवं आवश्यकता के अनुसार फसल को पोषक तत्व देने के लिए खाद के उपयोग का निर्धारण कराएं। खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में भी किसानों को समुचित मार्गदर्शन दे।

कमिश्नर ने जन सुनवाई में आवेदकों की सुनी समस्याएं

रीवा। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित जन सुनवाई में कमिश्नर बीएस जामोद ने आमजनता के आवेदन पत्रों में सुनवाई की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी जन सुनवाई के आवेदनों पर तत्परता से कार्यवाही करके सात दिवस में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जन सुनवाई में श्री रामकिशोर ने उनकी जमीन से बेदखली के संबंध में किए गए आदेश का पालन कराने के लिए आवेदन दिया।

कमिश्नर ने एसडीएम सिरमौर को आवेदन में तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। रामसागर निवासी रामनगर ने जमीन की प्रतिपूर्ति के रूप में बाणसागर परियोजना द्वारा पट्टे प्रदान करने के लिए आवेदन दिया।

कृषि उत्पादन आयुक्त 18 जून को करेंगे कृषि विकास की समीक्षा

रीवा। कृषि उत्पादन आयुक्त कलेक्ट्रेट सभागार रीवा में 18 जून को आयोजित बैठक में कृषि विकास की समीक्षा करेंगे। बैठक में कृषि, सहकारिता, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण, मार्कफेड तथा कृषि विकास से जुड़े अन्य विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी।

युवा संगम कार्यक्रम 26 मई को सतपुड़ा आईटीआई में होगा

रीवा। जिला रोजगार कार्यालय एवं सतपुड़ा आईटीआई रीवा के संयुक्त तत्वाधान में 26 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सतपुड़ा आईटीआई रीवा में युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में ट्रायडेन्ट कंपनी बुधनी, सीहोर, शक्ति पंप इंडिया लि. पीथमपुर धार, ग्रोफास्ट एग्रिटेक प्रा. लि. जबलपुर, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा नासिक महाराष्ट्र, ख्याति शील्ड वेन्चुरेज प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़, विन्ध्या टेलीलिंक लि. चोरहटा रीवा तथा कन्टेम्परेरी सर्विसेज कॉर्पोरेशन इंडिया प्रा. लि. (सीएससी) इंदौर में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

यात्री बसों पर आरटीओ ने कसा शिकंजा 12 बसो में की चलानी कार्यवाही

रीवा। परिवहन विभाग रीवा द्वारा लगातार यात्री वाहनों पर जाँच कर मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।जाँच में मुख्यत: यात्री सुरक्षा को लेकर कोई लापरवाही न हो इसके लिये विशेष सतर्कता बरती जा रही है ।जिसमे बसों के परमिट फिटनेस बीमा के साथ साथ किराया सूची फ़ास्टेड बॉक्स गर्मी को देखते हुए अग्निशमन यंत्र स्पीड गवर्नर और चालक लाइसेंस की गहनता से जाँच की गई। जाँच में दो बसे परमिट शर्तों का उल्लंघन करती हुई मिली जिन पर दस दस हज़ार के ऑनलाइन चालान किये गए और उस चालान की एक प्रति वाहन चालक को प्रदाय की गई ।साथ ही शहडोल और सीधी मार्ग की बसों पर जांच उपरांत कार्यवाही करते हुए 10 बसों पर चालानी कार्यवाही की जिनमे किराया सूची फ़ास्टेड बॉक्स और एचएसआरपी नम्बर प्लेट आदि पे चालान बनाये गए।यह कार्यवाही रीवा आरटीओ के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड द्वारा की गई।जांच में परिचालकों को खास तौर पर समझाइस दी गई की दिव्यांग व्यक्तियो को शासन से निर्धारित किराए में छूट प्रदाय की जाय और उन्हें आरक्षित सीट पर बिठाया जाय।

जनसुनवाई में 83 आवेदकों के आवेदन पत्रों में हुई सुनवाई

रीवा। प्रति सप्ताह आयोजित होने वाली जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट में 83 आवेदकों के आवेदन पत्रों में सुनवाई की।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में यशशरण तिवारी निवासी जवा ने खसरा में नाम अंकित कराने, रामसाद सेन निवासी ग्राम गढ़वा ने शासकीय भूमि में स्थापित हैण्डपंप को कब्जे से मुक्त कराने के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आवेदन पत्र में कार्यवाही के निर्देश दिये। लालमणि तिवारी निवासी लोही ने मुआवजा राशि के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर तहसीलदार हुजूर को

कार्यवाही के निर्देश दिये। दीनबंधु सोहगौरा निवासी ग्राम पटनार थाना बैकुंठपुर ने उनके साथ मारपीट, गाली गलौज करने वाले व्यक्ति पर कार्यवाही के लिए आवेदन दिया। आवेदन पत्र कार्यावाही के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय भेजा गया। जनसुनवाई में रामबहोर साकेत निवासी ग्राम बहुरीबांध ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए आवेदन दिया। जिला पंचायत रीवा को आवेदन आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रेषित किया गया। मोनिका साहू निवासी वार्ड क्रमांक 21 धोबिया टंकी ने अनुग्रह सहायता के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम कार्यालय को आवेदन कार्यवाही के लिए प्रेषित किया। सेमरिया निवासी शिवा पाण्डेय ने खसरे में जमीन का रकवा दर्ज करने के लिए आवेदन दिया। संयुक्त कलेक्टर ने तहसीलदार सेमरिया को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिये। निवासी गुढ रंगदेव पटेल ने आम रास्ता को खुलवाने के लिए आवेदन दिया। इस संबंध में तहसीलदार गुढ़ को कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833